शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 37 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 03 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट केस में पुलिस ने दबोचे चार आरोपी

**बेंगलुरु**

**बेंगलुरु के** व्हाइटफील्ड इलाके में रामेश्वरम कैफे में बम विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मामले की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारी धारवाड़, हुबली और बेंगलुरु से उठाए गए चारों से 'विस्तृत' पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

**मीडिया से की गई अपील**

बेंगलुरु सिटी कमिश्नर बी दयानंद ने कहा कि दोपहर को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के कारण हुई रामेश्वरम कैफे घटना की जांच जोरों पर है। उन्होंने कहा, 'कई टीमें अब तक प्राप्त विभिन्न सुरागों पर काम कर रही हैं।' दयानंद ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता और सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, मीडिया से अपील की जाती है कि वह अटकलों में शामिल न हो और सहयोग करे।' बता दें कि इस हादसे में दस लोग घायल हो गए थे।

**अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कड़ी हुई सुरक्षा**

इस घटना के बाद, पूरे राज्य में, खासकर केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बेंगलुरु पुलिस ने कैफे में विस्फोट के संबंध में कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## छात्र की मौत मामले में राज्यपाल की कार्रवाई

**तिरुवनंतपुरम**

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार को केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम आर शशिंद्रन को निलंबित कर दिया। राज्यपाल ने यह कार्रवाई हाल हीम में दूसरे वर्ष की छात्र की मौत मामले में की है।

**अपने आदेश में राज्यपाल ने क्या कहा**

मालूम हो कि सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज के एक छात्र ने 18 फरवरी को अपने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका हुआ पाया गया था। छात्र की पहचान जेएस सिद्धार्थ के रूप में की गई है। वहीं, राज्यपाल ने अपने निलंबन आदेश में कहा कि प्रोफेसर शशिंद्रन द्वारा दी गयी रिपोर्ट 18 फरवरी को 20 वर्षीय सिद्धार्थ की मौत से जुड़े घटनाक्रम के दौरान कुलपति की ओर से कर्तव्यों में घोर लापरवाही का प्रमाण है। उन्होंने कुलपति की लापरवाही पर चिंता व्यक्त करते हुए घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

# लोकसभा चुनाव: पीएम मोदी वाराणसी से लड़ेंगे चुनाव

## भाजपा ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष का नाम

**नई दिल्ली**


लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची शनिवार को जारी की। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष का नाम है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने 16 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की 195 लोकसभा सीटों पर उम्मदीवारों के नाम तय कर दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस बार भी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। पहली सूची में समाज के सभी वर्गों और जातियों को शामिल किया गया है। इसमें 34 केंद्रीय मंत्री और राज्यमंत्री के साथ दो पूर्व मुख्यमंत्री, 28 महिलाएं, 50 से कम से उम्र के 47 उम्मीदवार, 18 अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार, पिछड़ा वर्ग से 57 उम्मीदवारों को शामिल किया गया है। तावड़े ने बताया कि पहली सूची में उत्तर प्रदेश से 51, पश्चिम बंगाल से 20, मध्यप्रदेश से 24, गुजरात-15, राजस्थान-15, केरल -12, तेलंगाना -09, असम-11, झारखंड-11, छत्तीसगढ-11, दिल्ली-5, जम्मू-2, उत्तराखंड-3, अरुणाचल प्रदेश -2, गोवा-01, त्रिपुरा-01, अंडमान एंड निकोबार -01 सीट पर उम्मीदवार घोषित किए गए। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से पांच पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इसमें प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक, उत्तर-पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत और दक्षिण दिल्ली से रामबीर सिंह बिधूड़ी को उम्मीदवार बनाया गया है।



## बनासकांठा से रेखाबेन हितेशभाई चौधरी को टिकट

बनासकांठा से रेखाबेन हितेशभाई चौधरी
पाटण से भरतसिंहजी दाभी
गांधीनगर से अमित शाह
अहमदनगर पश्चिम से दिनेशभाई कोडरभाई मकवाना
राजकोट से परषोत्तम रुपाला
पोरबंदर से मनसुखभाई मंडाविया
जामनगर से पूनमबेन माडम
आणंद से मितेशभाई रमेशभाई पटेल
खेड़ा से देवुसिंह चौहान
पंचमहल से राजपालसिंह महेंद्रसिंह जाधव
दाहोद से जसवन्तसिंह भाभोर
भरूच से मनसुखभाई वसावा
बारडोली से प्रभुभाई नागरभाई वसावा

## भाजपा ने यूपी में की उम्मीदवारों के नाम की घोषणा



**लखनऊ**

**भाजपा ने** लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट में यूपी की 80 सीटों में से 51 उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। वहीं बचे हुए 29 सीटों को होल्ड कर लिया गया।

**लगातार तीसरी बार वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री इस बार भी अपने सांसदीय क्षेत्र वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अरविंद केजरीवाल और 2019 में सपा की शालिनी यादव को पराजित कर चुनाव जीता था। अब शालिनी यादव भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। अब वह तीसरी बार वाराणसी से चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं। इस बाबत पार्टी की ओर से उनके नाम की घोषणा होने के बाद कार्यकर्ता और पदाधिकारी काफी उत्साहित हैं। वहीं मथुरा सीट से हेमा मालिनी को टिकट दिया गया है और अमेठी से इस बार भी स्मृति ईरानी चुनावी मैदान में उतरेंगी।

**भाजपा ने पुराने चेहरों पर ही फिर जताया भरोसा**

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है।

इसमें सीतापुर, मिश्रिख, मोहनलालगंज और धौरहरा से पुराने चेहरों पर ही भरोसा जताया गया है। सीतापुर से राजेश वर्मा, धौरहरा से रेखा वर्मा और मोहनलालगंज से कौशल किशोर बतौर भाजपा प्रत्याशी तीसरी बार और अशोक रावत दूसरी बार चुनाव मैदान में होंगे।

## 'बिहारी बाबू' के खिलाफ भोजपुरी गायक पवन सिंह ठोकेंगे ताल



**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावके लिए 195 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया। भाजपा की पहली सूची में कई चौंकाने वाले नाम सामने आए हैं। पश्चिम बंगाल की आसनसोल संसदीय सीट से भाजपा ने वर्तमान सांसद और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक पवन सिंह को मैदान में उतारा है। हालांकि टीएमसी ने अभी तक उम्मीदवारों का एलान नहीं किया है। लेकिन माना जा रहा है कि ममता बनर्जी एक बार फिर बिहारी बाबू को उम्मीदवार बना सकती हैं।वहीं भाजपा की पहली सूची में कई वर्तमान सांसदों के टिकट भी काटे गए हैं। दिल्ली में प्रवेश वर्मा, गौतम गंभीर का पत्ता साफ हुआ है तो वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विदिशा संसदीय सीट से मैदान में उतारा गया है। दिवंगत पूर्व मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को भाजपा ने नई दिल्ली सीट से प्रत्याशी बनाया है।

बंगाल की आसनसोल सीट से टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ भोजपुरी गायक पवन सिंह को मैदान में उतारा गया है। भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट में यूपी की 80 सीटों में से 51 उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है।

भोपाल लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व मेयर आलोक शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है।

## मंगलुरु कुकर विस्फोट से लग रहा संबंध, जांच जारी: शिवकुमार

**बंगलूरू**

कर्नाटक के बंगूलरू स्थित रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को दोपहर एक बजे धमाका हुआ। जिसके बाद से ही सूबे की राजनीति गरमा गई है। इस बीच, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि शुक्रवार को हुई घटना और 2022 में मंगलुरु में हुए कुकर विस्फोट के बीच कोई न कोई संबंध दिखाई देता है। पुलिस सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

**मंगलुरु की घटना से लग रहा इसका संबंध- शिवकुमार**

मामले पर डीके शिवकुमार ने कहा कि पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मंगलुरु घटना और इस घटना के बीच एक संबंध दिखाई देता है। विस्फोट के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री मिलती-जुलती प्रतीत होती है। हालांकि कई पहलुओं पर जांच जारी है। उन्होंने कहा कि मंगलूरू और शिवमोग्गा से भी कई पुलिस अधिकारी यहां आए हैं। सभी पहलुओं पर बारीकियों से गौर किया जा रहा है। मामले पर जानकारी देते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि सरकार निष्पक्ष जांच के लिए प्रतिबद्ध है। मामले की जांच के लिए पुलिस को पूरी छूट है।



## इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट से बंगाल के विकास को गति मिलेगी: पीएम मोदी



**कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। कार्यक्रम के तहत पीएम मोदी नादिया जिले के कृष्णानगर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार बंगाल को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में जुटी है और उसी विजन के तहत बंगाल में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की शुरूआत की जा रही है। प्रधानमंत्री ने बंगाल की टीएमसी सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि टीएमसी सरकार अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है।

**'बंगाल के विकास को गति मिलेगी'**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आज पश्चिम बंगाल को विकसित राज्य बनाने के लिए हम एक और कदम उठा रहे हैं... आज मुझे 15,000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य मिला है। बिजली, सड़क, रेल की बेहतर सुविधाएं आपके जीवन को आसान बनाएगी। इन विकास कार्यों से पश्चिम बंगाल के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।'

**'बंगाल ने इतिहास की बढ़त को आगे नहीं बढ़ाया'**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल देश के अन्य राज्यों के लिए पूर्वी द्वार का काम करता है। पूर्व में इस द्वार से प्रगति की अपार संभावनाओं का प्रवेश हो सकता है, इसलिए हमारी सरकार पश्चिम बंगाल में सड़क मार्ग, रेल मार्ग, वायु मार्ग और जल मार्ग की आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए काम कर रही है।' पीएम मोदी

## 'हिंसा की वजह से विस्थापित हुए लोग भी डाल सकेंगे वोट'




**इंफाल**

मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिश-निर्देश जारी कर दिए हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है।

**राहत शिविरों में बनाया जाएगा मतदान केंद्र**

चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए। वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। विस्थापित मतदाता अभी भी उन स्थानों पर नामांकित है, जहां वे हिंसा से पहले रह रहे थे। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों को राज्य में संबंधित विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया जाना जारी रहेगा। बयान में बताया गया कि इन विशेष मतदान केंद्रों पर मतदान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग ईवीएम का उपयोग करके आयोजित किया जाएगा।

विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से जारी हिंसा के कारण करीबन 50,000 लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए थे। उन्हें राहत शिविरों में रखा गया है।

## "उल्फा छोड़ने वालों और लापता बागियों के परिजनों को सरकार ने दी मदद'



**गुवाहाटी**

**असम** सरकार ने शनिवार को गुवाहाटी में सरकार की पुनर्वास योजना के तहत 900 से अधिक पूर्व उल्फा कैडरों को वित्तीय अनुदान प्रदान किया। जिन्हें अनुदान मिला है उसमें कुछ ऐसे कैडर के परिवार भी शामिल हैं, जो फिलहाल लापता हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यहां पुनर्वास अनुदान वितरण के कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान, सीएम ने श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में उल्फा के पूर्व कैडरों और परिवार के सदस्यों को वित्तीय अनुदान दिया। सरमा ने उल्फा के पूर्व कैडरों को वित्तीय अनुदान वितरित किया। कुल 936 कैडर और उनके परिवार के सदस्यों को पुनर्वास अनुदान दिया गया।

**अलग-अलग समय पर किया था आत्मसमर्पण:** इससे पहले, पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले कुल 852 कैडर और लापता 84 कैडर के परिवारों को वित्तीय अनुदान दिया गया।

अनुदान प्राप्त करने वाले कैडरों ने अलग-अलग समय पर आत्मसमर्पण किया था और तब से वार्ता समर्थक गुट में बने हुए हैं। बता दें, पिछले साल दिसंबर में केंद्र, राज्य सरकार और उल्फा के वार्ता समर्थक गुट के बीच त्रिपक्षीय शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## कैफे ब्लास्ट: मास्क और टोपी पहना एक शख्स बस से उतरा फिर...'

**बंगलूरू**

बंगलूरू के राजाजीनगर स्थित रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार दोपहर एक बजे भीषण धमाका हुआ था, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। मामले में दावा किया जा रहा था कि रामेश्वरम कैफे में अज्ञात बैग रखा गया था, जिसके कुछ देर बाद जोरदार धमाका हुआ। कर्नाटक पुलिस का बम निरोधक दस्ता और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है। घटना की जांच पर राज्य सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने बताया कि घटना को कैसे अंजाम दिया गया है। साथ ही भाजपा को नसीहत दी है कि राजनीति न करें।

**रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई**

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पत्रकारों से कहा, 'कल डिप्टी सीएम और गृहमंत्री घटनास्थल पर गए थे। मैं आज अस्पताल और घटनास्थल पर जाऊंगा।

## 'भारत के पास दिमागी और जन शक्ति की कमी नहीं, बल्कि...मनसुख मंडाविया

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने एक संवाद कार्यक्रम में कहा कि भारत एक सक्षम राष्ट्र है। यहां कभी भी दिमागी शक्ति और जनशक्ति की कमी नहीं रही बल्कि इच्छा शक्ति की कमी रही है। इसे भी पीएम मोदी ने पूरा कर दिया है।

**क्या हमें इस गलती को सुधारने का अधिकार नहीं**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 'अगर आप दुनियाभर के चिकित्या विश्वविद्यालयों में जाते हैं तो आपको महर्षि सुश्रुत की मूर्ति लगी हुई दिखाई देती है। पूरी दुनिया उनसे प्रेरणा लेती है। हमने अभी तक उनकी मूर्ति नहीं बनाई है, यह एक गलती है। लेकिन क्या हमें इस गलती को सुधारने का अधिकार नहीं है'

**मैंने लोगो को बदल दिया**

उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के लोगो में एक ग्रीक देवता थे, मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन क्या हमें अपने भगवान और विरासत का सम्मान नहीं करना चाहिए। मैं बस यह कहना चाहता हूं कि नई पीढ़ी हमारे पास मौजूद वैज्ञानिकों से प्रेरणा ले और इसलिए मैंने लोगो को बदल दिया है। प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ काम करना चाहिए। भारत एक सक्षम राष्ट्र है। यहां कभी भी दिमागी शक्ति और जनशक्ति की कमी नहीं रही, बल्कि इच्छा शक्ति की कमी रही है, जिसे पीएम मोदी ने पूरा कर दिया है।



बेहतर होगा कि हम कीमतें न बढ़ाएं: मनसुख मंडाविया ने कहा, 'कोविड-19 के दौरान मैंने कंपनियों को पीएम मोदी के संदेश से अवगत कराया है कि यह दुनिया के साथ सहयोग करने का समय है और बेहतर होगा कि हम कीमतें न बढ़ाएं। भारतीय कंपनियों ने 150 देशों को दवाओं की आपूर्ति की है, लेकिन कीमत नहीं बढ़ाई है। किसी भी देश ने कभी शिकायत नहीं की है, हमने दुनिया को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती दवा की आपूर्ति की है। जब वैक्सीन की कीमत 20-30 डॉलर थी, तब हमने इसे या तो वैक्सीन मैत्री पहल के तहत मुफ्त में या 2-3 डॉलर की न्यूनतम लागत पर आपूर्ति की। अब दुनिया को लगता है कि भारत एक ऐसा देश है जो मानव सेवा को प्राथमिकता देता है और जरूरत पड़ने पर दोस्त बनकर मजबूती से खड़ा रहता है।' उन्होंने कहा, 'बिल गेट्स भारत में हैं और जब वह बोलते हैं तो यह पूरी दुनिया में एक धारणा बन जाती है। पिछले विश्व आर्थिक मंच पर मेरी उनसे मुलाकात हुई थी, जब हमने हाथ मिलाया था तो उन्होंने कहा था, बधाई हो, आपने अच्छा कोविड प्रबंधन और टीकाकरण अभियान चलाया है।'

**संस्कृत भाषा में लिखी औषधियों के नाम को आयुर्वेद समझते हैं लोग**

पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कहा, 'विदेशों में पहुंचने के बाद भी आयुर्वेद अपनी पहचान आयुर्वेद के रूप में स्थापित नहीं कर पाया है। बहुत से लोग आयुर्वेद की मूल बातें भी नहीं जानते हैं कि क्या यह चिकित्सा का विज्ञान है या यह एक भाषा है कभी-कभी लोग संस्कृत भाषा में लिखी औषधियों के नाम को आयुर्वेद समझते हैं।'

## बीआरसी मेजा में चल रही चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के पंचम बैच का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** खण्ड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह के नेतृत्व में बीआरसी मेजा में चल रही चार दिवसीय एफ.एल.एन. प्रशिक्षण के पंचम बैच का प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। उल्लेखनीय है कि बीते 28 फरवरी से यह प्रशिक्षण 2 मार्च तक चला जिसमे मेजा ब्लॉक के 90 शिक्षक झशिक्षिकाओ द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि बच्चों में कैसे बुनियादी भाषा और संख्यात्मकता का विकास किया जाय। इसके लिए शिक्षकों द्वारा नएझ्र नए नवाचारों एवं गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया जिसके द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास सम्भव हो सके। बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षण तकनीक पर जोर दिया गया। एआरपी डा.गोपाल कृष्ण यादव द्वारा सभीशिक्षकों शिक्षिकाओं को शिक्षक संदर्शिका , गणित किट,प्रिंट रिच मटेरियल, के दैनिक प्रयोग के बारे ,में बताया गया तथा इसके द्वारा कक्षाझ्रशिक्षण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण संदर्भ दाता के रूप में ए.आर.पी. डा. गोपाल कृष्ण यादव , गिरीश तिवारी , कमलाकांत पाण्डेय ,राम निरंजन द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने सभी शिक्षकों को बताया कि प्रशिक्षण में जो शिक्षण की बारिकियां बताई गई हैं उसे विद्यालयों में बच्चों के साथ प्रयोग करते हुए बच्चों को निपुण बनाएं तभी हमारा प्रशिक्षण सफल होगा तथा हमारा ब्लॉक निपुण ब्लॉक बनेगा। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से हसन अब्बास, मिलिंद द्विवेदी, अरविन्द गुप्ता, दिनेश सिंह, रागिनी वर्मा, प्रीति, जया, सीरत, सुशीला, सोनिका, जाकिया खानम, विनय सिंह, सुरेंद्र सहित कुल 90 शिक्षक झशिक्षिकाएं उपस्थित रही।




## चालक को बंधक बनाकर ट्रक लेकर बदमाश फरार

**शंकरगढ।** ट्रक चालक को बंधक बनाकर बदमाश ट्रक लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को होने पर वह जांच में जुट गई है। घटना शंकरगढ थाना क्षेत्र के बारा पावर प्लांट के पास की है। लखीमपुर खीरी जिले के धौसपुर गांव के पचदेवरा थाना का राजपाल पुत्र पराग सोनभद्र जिले के खाद्य पत्थर गांव के राजेंद्र सिंह पुत्र जगन्नाथ की 10 चक्का ट्रक चलाता था। गत 28, 29 फरवरी की रात वह ट्रक लेकर पावर प्लांट शंकरगढ़ आया।ट्रक चालक के अनुसार देर रात ब्रेजा गाड़ी से चार से पांच की संख्या में कुछ अज्ञात बदमाश आए बंधक बनाकर उसे चार पहिया में डाल दिया तथा ट्रक को लेकर फरार हो गए तथा ट्रक चालक को काफी देर तक चार पहिया में इधर-उधर घूमते रहे ।फिर उसे बरगढ़ में ही कहीं छोड़ दिया ।इसकी जानकारी उसने ट्रक मालिक को दिए।शनिवार को ट्रक मालिक द्वारा शंकरगढ़ थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ ताहिर दी गई। जिस पर शंकरगढ़ पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है।

## भाजपा पिछड़े मोर्चे का सामाजिक सम्मेलन संपन्न

### पिछड़े समाज का सम्मान सिर्फ भाजपा में हैं- रमाकांत विश्वकर्मा



**सिरसा।** प्रयागराज जमुनापार मेजा क्षेत्र के अंतर्गत श्री माता दान सिंह इंटर कालेज तरवाई बिगहना मेजा प्रयागराज में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का ओबीसी मण्डल समाजिक सम्मेलन एवं युवा संवाद का बैठक किया गया। जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत ओबीसी की 18 जातियों को रोजगार के लिए केंद्र सरकार 13 हजार करोड़ धनराशि किये जाने से पिछड़ा वर्ग को आत्म निर्भर बनाने में सहयोग मिला है। जिसमे प्रधनमंत्री किसान समान निधि, फसल बीमा योजना, उज्वल गैस योजना, स्वच्छ भारत मिशन, देश मे हवाई अड्डा को दोगुना करना, रोजगार मेले के अंतर्गत पारदर्शी, पब्लिक सुलभ, क्रेडिट कार्ड योजना, जन-धन योजना, सरकार द्वारा गुंडा राज समाप्त, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, वर्तमान बजट में पिछड़ो को विशेष ध्यान, रेहड़ी-पट्टी व्यपारियो को ऋण देने, इस बैठक में नमो एप्स डाउनलोड कराया गया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का बैठक का नेतृत्व विनोद कुमार विश्वकर्मा (अध्यक्ष) पिछड़ा मोर्चा सिरसा मण्डल एवं आशीष सिंह पटेल (जिलाउपाध्यक्ष) प्रयागराज, ने किया। बैठक मे मुख्य अतिथि रमाकांत विश्वकर्मा ((क्षेत्रीय उपाध्यक्ष) किसान मोर्चा, मुख्य वक्क्त सुभाष सिंह पटेल (जिलाध्यक्ष) पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बैठक में मुख्य रूप से इंद्रभान सिंह (प्रबन्धक), दिनेश कुमार, विनय यादव (मण्डल अध्यक्ष सिरसा), ओपी विश्वकर्मा (जिला कोषाध्यक्ष), रमेश विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष) सुरेश पटेल (जिलाकार्यसमिति), रोहित पटेल, सतीश विश्वकर्मा (मीडिया प्रभारी), अनिल यादव (महामंत्री), पी सी पटेल ( रेलवे बोर्ड समिति सदस्य), कलेक्टर विश्वकर्मा (मंत्री), अमित सेठ (मंत्री), लाल चन्द्र बिंद, संजय विश्वकर्मा, मुकेश शर्मा (मण्डल अध्यक्ष), बद्री प्रसाद गुप्ता (उपाध्यक्ष), मनोज विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष) बहादुर पटेल, बिंदु प्रजापति( बूथ अध्यक्ष), उषा पटेल (मण्डल अध्यक्ष) महिला मोर्चा, मिथलेश,पारस नाथ प्रजापति, कुमार, इंद्रजीत कुमार, रिया व दो सौ के आस पास भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासियों लोग उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस कोराव में एसडीएम तहसीलदार ने सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** कोरांव सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी अविनाश सिंह यादव,तहसीलदार कोरांव अजय संतोषी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई सभागार में राजस्व और पुलिस आपूर्ति नहर विभाग वन विभाग शिक्षा विद्युत सहित तमाम मामले आए। अल्हवा में कोटेदार द्वारा एक महिला का जबरन बरगला कर सादे कागज आए स्टांप पर अंगूठा लगवा कर वीडीओ बनाने और धमकाने की शिकायत पर एफआईआर दर्ज न होने की शिकायत हुई। जिस पर एसडीएम ने आपूर्ति निरीक्षक कोराव से रिपोर्ट तलब की। इसी प्रकार कोटेदार द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे के बाद दर्ज एफआईआर और सुपुर्दगी में प्रधान को दी गई फसल को शनिवार को अतिचारी कोटेदार ने खेत में पकी फसल को काट लिया। जिसकी प्रथिमिक रिपोर्ट प्रधान ने एसडीएम और एसएचओ कोरांव को दी। इसी प्रकार सौरभ तिवारी के प्रार्थना पत्र और तहसीलदार की रिपोर्ट के आधार पर जमुआ धुस में स्थित मृत्यु अंत्येष्टि स्थल को भूमि पूजन किए गए स्थल पर निर्माण किए जाने का आदेश निर्गत किया। अल्हवा में चकमार्ग पर से अवैध कब्जा की गई चकमार्ग संख्या 1035 पर प्रस्तावित मनरेगा से सड़क निर्माण कार्य को सुचारू रूप से निर्मित होने हेतु अवैध कब्जा हटाने को थाना कोराव और राजस्व टीम को निर्देशित किया। इसी तरह विभिन्न मामलों में एसडीएम तहसीलदार के अतिरिक्त नायब तहसीलदार बड़ोखर और दईया ने भी समस्याएं सुनी। और संबंधित को समुचित कार्यवाही निस्तारण के आदेश दिए।

## प्रा. विद्यालय नारायनपुर का ताला तोड़ सारा सामान चोरी

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर में शुक्रवार की रात चोरों ने मौका पाकर विद्यालय का ताला तोड़कर सारा सामान उठा ले गए। शनिवार की सुबह विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के पहुंचने पर पता चला कि चोरों ने किचन में रखा हुआ एक गैस सिलेंडर, लोहे की बड़ी कढ़ाई, बड़ा भगोना, स्टील का ड्रम, कुकर, गेहूं व चावल सब उठा लें गए।? जानकारी मिलने पर 112 नंबर पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर वापस चली गई। चोरी के खिलाफ विद्यालय की प्रभारी प्रधान अध्यापिका सरिता गौतमी व ग्राम प्रधान पूरेंद्र तिवारी ने थरवई पुलिस को लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है।

## यमुनापार में स्वयं के फंड से बनवाऊंगा गौशाला : डा संगम मिश्र

### कटका मेढ़रा गांव में आयोजित हुआ किसान एवं निषाद समाज का संयुक्त सम्मेलन

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** बीते बृहस्पतिवार को कटका मेड़रा गांव में निषाद समाज एवं किसानों का संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ संगम मिश्र रहे। सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा मैं किसान का बेटा हूं आपके परिवार का सदस्य बने आया हूं। कार्यक्रम के दौरान एक किसान द्वारा आवारा पशुओं से हो रही फसल के नुकसान की समस्या डॉ संगम मिश्र के सामने रखा। जिसके जवाब में श्री मिश्रा ने कहा मैं अपने पैसे से बड़ी-बड़ी गौशालाएं बनाए जाने में आप लोगों का पूरा सहयोग करूंगा और इस गौशाला में सभी आवारा पशुओं को रखा जाय। इससे किसानों को दूध भी मिलेगा और पशुओं की समस्या का भी निदान हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा मैं भी किसान का बेटा हूं आपकी सारी समस्याओं को जानता हूं जो भी समस्याएं होंगी,उन समस्याओं के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों से संपर्क करूंगा। इतना ही नहीं डा मिश्र ने सभा को संबोधित करते हुए कहा अबकी बार मोदी सरकार। इसी क्रम में जमुना पार के वरिष्ठ नेता राजाराम चौधरी ने जहां पक्का घाट बनाए जाने की बात रखी वहीं यमुना पार भारती जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप शुक्ला ने डॉसंगम मिश्र द्वारा शोषित, वंचितों, दलितों व महिलाओं के प्रति किए जा रहे सराहनीय कार्यों की उपलब्धियां बताई। प्रान्त संस्कृत प्रमुख विश्व हिंदू परिषद काशी प्रान्त शंकर देव त्रिपाठी ने उपस्थित सभी लोगों से अपने अपने बूथ पर मजबूती से डटे रहने की अपील किया। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर 370 वोट इस बार अधिक लाना है। इस मौके पर मनोरंजन प्रसाद,लक्ष्मीकांत निषाद, शिवपाल निषाद,श्री राम निषाद आकाश निषाद, रविंद्र कुमार निषाद, हिमांशु निषाद, किसान सम्मेलन महेंद्र पांडे जी रामकृष्ण दुबे जी रोचक मिश्र,मंडल अध्यक्ष,मंडल मंत्री राजेश पांडे के अलावा सैकड़ो की संख्या में किसान एवं निषाद समाज के लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संगोष्ठी में अधिकारियों ने किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी देकर किया जागरूक

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** क्षेत्र के गुलालपुर स्थित ग्राम पंचायत भवन परिसर में शनिवार को कृषि अधिकारियों द्वारा एक संगोष्ठी आयोजित कर किसानों को गेंहू खरीद फसल वर्ष 2024..25 पर ध्यान केंद्रित कराते हुए गेहूं खरीद हेतु गुलालपुर, बहादुरपुर, सहसों सहित आदि गांवों के किसानों को जागरूक करने हेतु अपनी फसल के विक्रय का पूर्ण लाभ लेने हेतु एवं इस वर्ष किसानों से गेहूं खरीद के संबंध मे सरकार द्वारा इस वर्ष के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रूपए किसानों को सरकारी केंद्रों पर देने के बाद सीधे उनके आधार लिंक खाते में 48 घंटे के अंदर नगद धनराशि प्राप्त करने के संबंध में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों ने किसानों को उनके अधिकार और होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया एवं साथ ही किसानों से उनकी उपज अर्थात गेहूं को किसी भी हाल में 2275 रुपए से नीचे या कम दाम में बिचौलियों एवं दलालों को न देने की अपील की। जिससे किसानों को उनकी मेहनत का पूर्ण लाभ दिलाया जा सके। साथ ही पिछले वर्ष से इस वर्ष गेंहू विक्रय पर 150 रुपया अधिक लाभ मिलने के संबंध में भी किसानों को बताया गया। संगोष्ठी में आए हुए कई किसानों ने जागरूक होते हुए पूर्ण लाभ लेने के लिए तत्काल रजिस्ट्रेशन भी कराया। संगोष्ठी में प्रमुख रुप से भीमा चंद्र गौतम (संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी प्रयागराज), बजरंग लाल अग्रवाल (मंडल प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम प्रयागराज), सरताज मणि (विपणन अधिकारी भारतीय खाद्य निगम प्रयागराज), देवेश कुमार पांडे (केंद्र प्रभारी भा खा नि गेहूं क्रय केंद्र सहसों) , क्षेत्रीय विपणन अधिकारी श्री संदीप कुमार निगम, विपणन निरीक्षक बहादुरपुर श्रीमती ज्योति केसरवानी सहित संबंधित आदि अधिकारियों एवं क्षेत्र के संभ्रांत किसान शामिल होते उपस्थित रहे।

## अबकी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 के पार : डॉ संगम मिश्र

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** करछना चक बबुरा महिला कार्यकर्ता संपर्क अभियान व लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत एक सभा का आयोजन भाजपा की वरिष्ठ नेता शर्मिला सिंह के आवासीय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र को पुष्प गुच्छ देकर शर्मिला सिंह ने स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोमेश्वर महादेव मंडल के अध्यक्ष नागेश्वर निषाद ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संगम मिश्र ने कहा महिलाओं के लिए मोदी सरकार ने नारी वंदन अधिनियम,उज्वला योजना,मुफ्त अन्य योजना,व जन धन योजना, घर-घर नल आदि योजनाओं के माध्यम से सशक्त करने का काम किया है।अब लोकसभा विधानसभा में एक तिहाई सदस्य संख्या महिलाओं के बीच से आया करेंगी ।डॉ संगम मिश्र ने महिलाओं से नारा लगवाया।अबकी बार 400 के पार।अबकी बार मोदी सरकार। वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता सम्मेलन में यमुना पार की सभी विधानसभाओं से वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता शर्मिला सिंह के नेतृत्व में आई थीं। महिला कार्यकर्ता सम्मेलन एवं लाभार्थी अभियान को संबोधित करते हुए प्रान्त संस्कृत प्रमुख विश्व हिंदू परिषद काशी प्रान्त शंकरदेव त्रिपाठी ने कहा महिलाओं के हित में मोदी सरकार ने कई फैसले किए हैं।इसमें तीन तलाक व नारी वंदन अधिनियम से महिलाओं में आत्मविश्वास काफी बड़ा है।उन्होंने कहा जब तक नारी शक्तिशाली नहीं होगी,देश तेजी से आगे नहीं बढ़ पाएगा।उन्होंने कहा हम सभी कार्यकर्ता अपने बूथ को सशक्त बनाएं। भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप शुक्ल ने योगी मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा देश प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।वरिष्ठ भाजपा महिला नेत्री शर्मिला सिंह ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा ! पिछली बार से हर बूथ पर हम सब 370 मत अधिक प्राप्त करने का प्रयास करें। जिससे भाजपा का लोकसभा में 370 सीट का लक्ष्य पूर्ण हो सके। शर्मिला सिंह ने कहा आज से ही हम सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने बूथ में पूरी सक्रियता व मेहनत से जुट जाएं।मंडल महामंत्री विमलेश कुमार शुक्ल ने लाभार्थी संपर्क अभियान के मंच का कुशलता पूर्वक संचालन किया। बीच-बीच में कार्यकताओं को उत्साहित करते रहे।डॉ संगम मिश्र इस कार्यक्रम के बाद गोंती गांव में आयोजित भागवत कथा में सम्मिलित होकर आचार्य जी से आशीर्वाद प्राप्त किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिप्टी मिश्र, अरुण सिंह,दिवाकर सिंह, एस.बी. सिंह, विनोद ओझा, अनिल कुमार तिवारी, अवधेश पांडे, सुषमा देवी, सीमा देवी, साधना, वंदना, गुड़िया, काजल, सरोज देवी, उषा देवी, शीला, फूलमती, फूल कुमारी, राजदुलारी आदि वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र के सामाजिक व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बेनी माधव पीजी कॉलेज में स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरित

अखंड भारत संदेश



**थरवई।** शनिवार को बेनी माधव पीजी कॉलेज बिगहिया में स्मार्ट फोन व टैबलेट का हुआ वितरण जिसमें मुख्य अतिथि बहरिया ब्लॉक प्रमुख मा शशांक मिश्रा रहे जिनका बड़े भव्य तरीके से माला पहनाते हुए पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र वहीं स्मृति चित्र के साथ उनका सभी ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर स्वागत गीत के साथ शुरू किया गया। डिजी शक्ति स्मार्ट फोन योजना अंतर्गत सरकार द्वारा चल रही योजना को लेकर शिक्षा जिसका मुख्य उद्देश्य है कि सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा जगत से जोड़ते हुए डिजिटल एजुकेशन के माध्यम से आ रही समस्याओं को स्वयं से उसका हल कर पाना साथ ही आ रही हर योजनाओं के बारे में भी जानकारियां प्राप्त कर सकें। शनिवार को बेनी माधव पीजी कॉलेज बिगहियां में बड़े ही भव्य तरीके से स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें बीएससी व बी. एड के कुल 160 स्मार्ट फोन का वितरण किया गया मुख्य अतिथि शशांक मिश्रा ने अपने संबोधन में इस स्मार्टफोन योजना को लेकर बड़े ही सरल शब्दों में स्मार्टफोन योजना के उद्देश्य को लेकर उसकी महत्वता पर किस प्रकार से स्मार्टफोन के माध्यम से अपने शिक्षक जीवन में इसका प्रयोग करें वहीं अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान बनना आदि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिए। वहीं प्राचार्य डॉ डी वी सिंह ने अपने वक्तव्य में बतलाया कि इस स्मार्टफोन योजना से सभी छात्र-छात्राओं में शिक्षा जगत को बड़े ही सरल व सुगम तरीके से हर समस्याओं का हल किया जा सके। उसी क्रम में कृपाराम मिश्र ने भी आए हुए सभी को स्वगात करते हुए धन्यवाद दिया वहीं सचिव माधुरी सिंह ने भी स्मार्टफोन पाने वाले सभी उसकी उपयोगिता व अपनी शैक्षिक जीवन में किस तरह से इस फोन के माध्यम से कर सके वहीं महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्राप्त कर सकें। जिसमें कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा सिंह द्वारा बड़े ही सुगम तरीके से करती रहीं। वहीं इंदिरा मैराथन में तीन छात्राओं ने जो बेनी माधव पीजी कॉलेज छात्राओं ने भी मारी थी बाजी। जिसमें तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला छात्रा शिप्रा कुमारी व गीतू पाल को मेडल पहनाते हुए उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ डी वी सिंह, अध्यक्ष कृपाराम मिश्र, सचिव माधुरी सिंह, व राम कैलाश यादव, डॉ बबिता सिंह, करुणेश शुक्ला, बीडी सिंह, शालिनी, राम प्रसाद, कॉलेज प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह, सत्यनारायण मिश्र आदि सभी उपस्थित रहे।मेडलिस्ट शिप्रा कुमारी - इंदिरा मैराथन में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शिप्रा कुमारी ने मैराथन में प्रतिभाग जो अपनी सफलता हासिल की थी। शनिवार को छात्रा का बड़े ही भव्य तरीके स्वागत करते हुए मेडल पहनाया गया व 10 हजार रुपए की राशि भी प्रदान की गई सम्मान के रूप में। बातचीत के दौरान उन्होंने बतलाया की उनकी निरंतर मेहनत व लगन से ही लक्ष्य को प्राप्त कर सकी हैं जिसमें उन्होंने मुख्य श्रेय अपने माता पिता का आशीर्वाद व बेनी माधव पीजी कॉलेज सभी टीचर्स के साथ साथ खेल विभाग टीचर्स दिनेश सर का रहा है जिसमें बीते 26 जनवरी को ढाका बांग्लादेश के लिए भी शिप्रा का चयन हुआ था जिसमें उन्होंने बड़े ही हर्ष के साथ जाकर प्रतिभाग किया था।




## धर्मराज पटेल बने अपना दल एस के प्रतापपुर विधानसभा अध्यक्ष

**उतरांव।** विधानसभा प्रतापपुर के फतेहपुर माफी बाजार निवासी धर्मराज पटेल को अपना दल एस का विधानसभा अध्यक्ष नामित किया गया है। बता दे कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल की संस्तुति और राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की अनुमोदन पर जिलाध्यक्ष भानु प्रताप पटेल ने धर्मराज पटेल को विधानसभा प्रतापपुर का अध्यक्ष नामित किया है। नामित होने पर उनके प्रशंसकों में खुशी की लहर है। पार्टी के डाक्टर के के सिंह, श्याम राज पटेल, लाल जी पटेल आदि पार्टी नेताओं ने उन्हें बंधाई दी है।

## मेजा के युवक का भूटान में संदिग्ध दशा में हुई मौत

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** मेजा के एक युवक की भूटान में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। फोन द्वारा जैसे ही परिजनों को सूचना मिली परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग शव के इंतजार में हैं किन्तु कंपनी द्वारा कुछ स्पष्ट जानकारी अभी तक नहीं दी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बरवा गांव निवासी रमेश चंद्र बिन्द (40) पुत्र रामलाल बिंद भूटान में एक कंपनी में काम करता था। बीते शुक्रवार को रमेश की संदिग्ध परिस्थितियों में भूटान में ही मौत हो गई। मृतक भूटान में जेपी कंपनी में कई सालों से काम कर रहा था। परिजनों के अनुसार उन्हें फोन से रमेश के मौत की जानकारी मिली। उसकी मौत के बाद उसके शव को भूटान पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कंपनी के द्वारा परिजनों को कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। जिससे परिवार के लोग काफी परेशान हैं और घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# मौसम ने ली करवट तेज हवा के साथ देर शाम शुरू हुई बारिश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** सुबह से प्रयागराज व आसपास आसमान में बादल छाए रहे। दिन में कुछ जगहों पर बूंदाबांदी भी हुई। इससे तापमान में गिरावट आ गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी 24 घंटे तक जिले के अलग-अलग हिस्सों में गरज, चमक के साथ बारिश हो सकती है। शनिवार सुबह की शुरूआत धुंध से हुई। देखते ही देखते शहर और ग्रामीण कई स्थानों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। साथ ही हवा की रफ्तार भी बढ़ गई। यह सामान्य दिनों के 5-10 किमी. प्रति घंटा की जगह 15-20 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई। जैसे-जैसे समय गुजरता गया, आसमान भी साफ होता गया। दोपहर बाद धूप निकली लेकिन ठंडी हवाओं का असर बना रहा। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश का कहना है कि आगामी 24 घंटे में गरज, चमक के साथ बारिश की संभावना जतायी। शनिवार की रात तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई है। आकाशीय बिजली भी गिरी लेकिन सभी सुरक्षित हैं। दिन भर मौसम ठंडा रहा और तेज हवा भी चलती रही। अंत में रात में रात करीब आठ बजे तेज बारिश शुरू हो गई। शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश हुई। करीब दो घंटे से लगातार बारिश हो रही है।बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। ज्यादातर किसानों के खेतों में सरसों की फसल पककर तैयार है तो कुछ किसान सरसों की फसल काटकर खेत में ही रखे हैं, यदि लगातार बारिश होती है यह सरसों की फसल के लिए नुकसानदायक होगी।

## मना करने वाले भी खा रहे फाइलेरिया की दवा, स्वास्थ्य विभाग ने किया जागरूक



**प्रयागराज।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध स्वास्थ्य महकमा मॉपअप राउंड के दौरान छूटे हुए शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने में जुटा है। 29 फरवरी तक करीब 32.18 लाख लोगों को दवा का सेवन कराया जा चुका है। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों ने दवा खाने से इन्कार करने वाले करीब 21 हजार लोगों की सूची तैयार की, इनमें से 13,606 लोगों को मॉपअप राउंड के दौरान बीमारी के विषय में जागरुक कर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराने में सफलता मिली है। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने स्वास्थ्यकर्मियों का हौसला बढ़ाया है। पांच मार्च तक के लिए बढ़ाया गया है अभियान : जिला मलेरिया अधिकारी आनंद सिंह ने बताया कि फाइलेरिया प्रभावित 13 ब्लॉक में मॉपअप राउंड के दौरान छूटे हुए लोगों को दवा का सेवन कराया जा है। इसके लिए स्टेकहोल्डर, पेसेंट प्लेटफॉर्म के सदस्य एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि व स्वास्थ्य विभाग की टीम आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ लोगों को फाइलेरिया की गंभीरता व बचाव के बारे में जागरूक कर दवा खाने कि अपील कर रहे है। इसी का परिणाम है कि दवा खाने से मना करने वाले 62.36 प्रतिशत लोगों ने बीमारी कि गंभीरता को समझते हुए दवा का सेवन कर लिया है। बाकी बचे लोगों को भी जल्द ही जागरूक कर दवा का सेवन कराया जाएगा।मलेरिया अधिकारी ने कहा है कि अभी भी जिन्होंने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं किया है उनके घर जब भी कोई स्वास्थ्यकर्मी आए तो उनके सामने दवा का सेवन अवश्य करे। पांच मार्च से पहले अपने क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें या अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर स्वास्थ्यकर्मी के सामने फाइलेरिया से बचाव कि दवा खाएं।

## न्यूज झरोखा

### अपर जिलाधिकारी प्रशासन को दी गयी भावपूर्ण विदाई



**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय के स्थानांतरण होने के पश्चात शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उनको भावपूर्ण विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कहा कि स्थानान्तरण सेवा का एक महत्वपूर्ण अंग है। स्थानान्तरण होने के बाद उस अधिकारी की कार्य शैली याद रहती है। उन्होंने कहा कि अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने अपने दायित्वों का बड़ी कुशलता के साथ निर्वहन किया। वे अपनी जिम्मेदारियों को बड़ी तनमयता के साथ पूरा करते थे। जिलाधिकारी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की, वे जहां पर भी रहेंगे, अपने दायित्वों का निर्वहन इसी तरह कुशलता के साथ करते रहेंगे। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि आगे भी वे इसी तरह से अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने जनपद में बितायें अपने कार्यकाल का अनुभव साझा करते हुए कहा कि जनपद प्रयागराज का कार्यकाल उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। प्रयागराज के कार्यकाल में उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है, जो कि आगे बहुत ही लाभप्रद होगा। उन्होंने यहां के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी अपर जिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा भी उनके साथ बिताये गये अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा किया गया। विदाई समारोह में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को मोमेण्टों भेंट कर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### आरओ-एआरओ परीक्षा निरस्त होने पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों में खुशी



**प्रयागराज।** समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा निरस्त होने की जानकारी मिलते ही 11 फरवरी से आंदोलन कर रहे छात्र झूम उठे। छात्रों का कहना था कि अभ्यर्थियों के आंदोलन के आगे आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा।आरओ-एआरओ परीक्षा की शुचिता पूरी तरह से नष्ट हो चुकी थी। इस परीक्षा को निरस्त किया ही जाना था। जब तक परीक्षा निरस्त नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रखा जाता। परीक्षा में गड़बड़ी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 11 फरवरी से छात्र आंदोलन कर रहे थे। इसके चलते कई थानों की फोर्स रोज तैनान रहती थी।

### भाजपा किसान मोर्चा ने गांव चलो परिक्रमा के अंतर्गत लोगों को जागरुक किए



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में गांव चलो परिक्रमा के अंतर्गत संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज के नेतृत्व में बच्चों के द्वारा नागरिकों को जन जागरण एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए घर घर जाकर के पत्रक वितरण बच्चों के द्वारा किया गया बच्चों ने एक स्वर से पत्रक देते हुए कहा कि पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने और उनके विकास कार्यों को पत्रक देकर के जागरुक करते किसान मोर्चा के पदाधिकारी गण जिसमे उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा कार्यकारिणी सदस्य सुनील विश्वकर्मा युवा नेता मोहित अग्रहरी महामंत्री उमेश सेन आदि कार्यकताओं ने बच्चों के साथ पूरे गांव में घूम करके माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा विकास कार्यों का पत्रक वितरण किया गया जिसमें मनु पांडे परी पांडे मन्नत तिवारी सनी यादव प्रिंस यादव करण यादव अंशिका यादव सपना श्रीवास्तव साधना श्रीवास्तव आदि लोग रहे।

## हाईकोर्ट समाचार



### पुलिस की ओर से जब्त 22 ऊंटों की वापसी के लिए हाईकोर्ट में याचिका, हर्जाना भी मांगा

**प्रयागराज।** मेरठ में पुलिस द्वारा जब्त किए गए 22 ऊंट गायब होने पर उन्हें ढूंढने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के अनस व उस्मान ने अगस्त 2019 में ईद के दौरान 22 ऊंट लिए थे। तब पुलिस-प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए उनकी कुबार्नी पर प्रतिबंध लगाते हुए सभी 22 ऊंट जब्त कर लिए थे।अनस का आरोप है कि तब पुलिस ने जब्त ऊंट को संरक्षण केंद्र भेजे जाने की जानकारी दी थी। अनस के अधिवक्ता शम्स-उ-जमा के अनुसार तीन वर्ष बीत जाने के बाद उस्मान ने इन ऊंटों के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।हाईकोर्ट ने मेरठ प्रशासन को ऊंट वापस करने का आदेश दिया, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया गया। इस पर इस बार अनस ने लापता हुए 22 ऊंटों की वापसी के लिए फिर याचिका दाखिल की। कहा गया कि 2019 में उसके ऊंट पकड़े गए थे, वे अब तक उसे वापस नहीं मिले। अनस का कहना है कि पहले आदेश के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने लिसाड़ी गेट पुलिस से ऊंट को वापस करने को कहा था, लेकिन इसके बावजूद ऊंट वापस नहीं मिले, जबकि इस बारे में कई बार सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट से विधिक स्वामी के पक्ष में ऊंट को सौंपने का आदेश दिया गया।याची का कहना है कि या तो उसे सभी ऊंट दिलाए जाएं या उनका हजार्ना दिया जाय। अधिवक्ता शम्स-उ-जमां के अनुसार याचिका में प्रदेश सरकार के गृह सचिव, कमिश्नर मेरठ, डीएम, एसएसपी और सिटी मजिस्ट्रेट को पक्षकार बनाया गया है।

### 14 साल पुराने केस में हाई कोर्ट ने राजा भैया को दी बड़ी राहत, जाना पड़ा था जेल

**प्रयागराज।** कुंडा विधायक राजा भैया को उनके पुराने विवाद में हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राजा भैया को चौदह साल पुराने अपहरण और थाने में फायरिंग मामले में बरी कर दिया है। बता दें, कोर्ट ने मामले में राजा भैया समेत 20 लोगों को निर्दोष बताते हुए सभी को बरी किया है। राजा बीते दिन यानी शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने इस मामले में फैसला सुनाया है।बीएसपी नेता मनोज शुक्ल ने दर्ज कराई थी एफआईआर दरअसल, 14 साल पहले 2011 में मायावती सरकार में राजा भैया के खिलाफ अपहरण और थाने में फायरिंग मामले में दर्ज मुकदमे में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया है। बता दें, यह मुकदमा बहुजन समाज पार्टी के नेता मनोज शुक्ल ने दर्ज कराया था। 2014 में शासन ने मुकदमा वापस लाने का निर्देश दिया था। लेकिन एमपी एमएलए कोर्ट ने मुकदमा वापसी की पर्मिशन नहीं दी थी। इसके बाद कुंडा विधायक राजा भैया ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।अब बीते दिन यानी 1 मार्च को उन्हें हाईकोर्ट ने इस मामले से बरी कर दिया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का किया जाएगा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 9.03.2024 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा ' समस्त वाद कारियो से अनुरोध है कि वे अपने मुकदमों के तस्दीक अधिवक्ता के द्वारा उचित माध्यम से लोक अदालत के आयोजन से पूर्व संपन्न करा ले जिससे उनके मुकदमों का निस्तारण किया जा सके ' यह जानकारी आलोक दूबे प्रभारी सचिव /अपर जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

## हटेंगी खटारा बसें 6 शहरों में दौड़ेंगी सीएनजी बसें

### रोडवेज ने किया अनुबंध, प्रयागराज से काशी समेत कई शहरों की राह अब होगी आसान

**अखंड भारत संदेश**


**प्रयागराज।** प्रयागराज की सड़कों पर दौड़ रही खटारा बसों की जगह नई उठ्क्ष्र बसें जल्द ही चलेंगी। यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी के लिए यूपी रोडवेज 100 उठ्क्ष्र बसें चलाने वाला है। परिवहन निगम ने अनुबंधित बसों को चलाने की तैयारी कर आवेदन मांगे थे। अब अनुबंध के बाद शहर से ग्रामीण और आसपास के जिलों तक जाने वाले यात्रियों की राह आसान होगीअसल में प्रयागराज और आसपास के जिलों के कई रूटों पर बसों के फेरे कम पड़ रहे थे। रोडवेज की पुरानी बसें कंडम हो गई थीं। बहुत सारी बसों को हटाकर सीएनजी बसें संचालित करने की तैयारी थी। इसी के तहत रोडवेज ने साधारण सीएनजी बस अनुबंधन योजना शुरू की।इसके तहत सीएनजी इंजन युक्त बीएस -6 मानक की बसों के लिए आवेदन निकाले गए। रोडवेज की शर्तों को मानते हुए कई ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने अनुबंध के लिए आवेदन किया। इन्हीं बसों के संचालन पर अंतिम मुहर लग गई है। 200 किलोमीटर के आसपास वाले रूटों पर चलेगी।

**छह शहरों को कवर करेंगी :** प्रयागराज ग्रामीण अंचलों के अलावा प्रतापगढ़, कौशांबी, फतेहपुर, भदोही, वाराणसी आदि जिलों तक यह बसें जाएंगीं। क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी का कहना है कि बसों का रूट निर्धारित किया जा रहा है। जल्द ही बसें सड़कों पर होंगी। इससे यात्रियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। अभी **शहर से गांव तक चल रहीं 50 ई बसें :** प्रयागराज शहर में फिलहाल 50 ई-बसों का संचालन हो रहा है। शहर से गांव तक चलने वालीं इन ई-बसों में सर्वाधिक सवारियां आ रही हैं। यह बसें यमुना नगर, गंगा नगर, रींवा रोड, कानपुर रोड, फाफामऊ, झूंसी इलाके तक चल रही हैं । जल्द ही शहर में 50 और ई-बसों को शुरू करने की तैयारी है। मुख्यालय से ई-बसों की डिमांड भेजी गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया, महाकुंभ 2025 से पहले प्रयागराज से यूपी के सभी शहरों के लिए बसों का संचालन दोगुना कर दिया जाएगा।

## इलाहाबाद संग्रहालय में दो दशक से जमीन पर रखी थीं पांडुलिपियां , दुर्लभ पेंटिंग भी हुई बर्बाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दुर्लभ ताड़पत्रों के अलावा पांडुलिपियों के दो दशक से इलाहाबाद संग्रहालय के एक कमरे में बिना किसी संरक्षण के रखे जाने की बात सामने आई है। पता चला है कि यह पांडुलिपियां 2004 में तत्कालीन निदेशक उदय शंकर तिवारी के निर्देश पर संग्रह के लिए लिखापढ़ी के बाद लाई गई थीं। तब इसके लिए कमेटी के गठन की भी बात सामने आई है। लेकिन, आपसी खींचतान में उनका संरक्षण नहीं किया गया। अलबत्ता इन ताड़पत्रों के साथ कई बहुमूल्य पेंटिंग भी इसी कक्ष में जमीन पर रखे जाने से बर्बाद हो गई।ऐसा तब हुआ जब ऐसे हस्तलेखों और महत्वपूर्ण चित्रों को दीमकों से बचाने के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपये का बजट दिया जाता है। सात महीने पहले चार अगस्त 2023 को छह सदस्यीय कमेटी की ओर से पांडुलिपियों और ताड़पत्रों की जांच रिपोर्ट संग्रहालय प्रशासन को दी गई, लेकिन इस पर कार्रवाई की बजाय चुप्पी साध ली गई। जांच रिपोर्ट के साथ ही वहां की बबार्दी की तस्वीरें ली गईं और वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। इसमें दुर्लभ पांडुलिपियों के सैकड़ों पन्ने टूटकर उस कक्ष में बिखरे हुए साफ देखे जा सकते हैं।



**मिट्टी में तब्दील हो रहे अभिलेख :** इन हस्तलेखों की अनदेखी किस हद तक की गई इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिन बस्तों में ताड़पत्र और पांडुलिपियां रखी गई थीं, उसके कई हिस्से मिट्टी में तब्दील हो गए हैं। नियमानुसार बिना विक्रय कमेटी के गठन के किसी ऐसे दस्तावेज या बहुमूल्य संपदा का हस्तांतरण नहीं कराया जा सकता। ऐसे में इन पांडुलिपियों के लिए कब और किसके नेतृत्व में कमेटी बनाई गई थी, इस पर भी संग्रहालय प्रशासन के पास कोई जवाब नहीं है।

**पुस्तकालय में रखी पांडुलपियां भी नहीं रखी गईं स्ट्रांग रूम में :** इसके अलावा बड़ी संख्या में पांडुलिपियों संरक्षित न कर पुस्तकालय में रखी हुई हैं। वर्षों पहले पुस्तकालय में रखी पांडुलिपियों को निकालकर संरक्षित किए जाने के आदेश किए थे, लेकिन उसे भी नजर अंदाज कर दिया गया।

**संग्रहालय प्रशासन ने दी सफाई, संग्रह के योग्य नहीं थे ताड़पत्र और हस्तलेख :** इलाहाबाद संग्रहालय प्रशासन की ओर से शुक्रवार को पांडुलिपियों और ताड़पत्रों के नष्ट होने पर सफाई दी गई। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2004 में यह पांडुलिपियां और ताड़पत्र लाए गए थे। उस समय कंजर्वेशन लैब की रिपोर्ट मंगाई गई तब पता चला कि वह पांडुलिपियां संग्रह के योग्य नहीं हैं। ऐसे में उन्हें पंजीकृत नहीं किया गया और उनके संरक्षण की जरूरत नहीं समझी गई। उधर, छह सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट में रसायन सहायक और कंजर्वेशन अधिकारी श्वेता सिंह ने अपनी टिप्पणी भी दी है।श्वेता ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जहां पांडुलिपियां और ताड़पत्र रखे गए थे, वह रिजर्व कमरा नहीं, बल्कि चैंबर है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा है कि वहां ताड़पत्रों में दीमक का उपचार पूर्व में सहायक रसायनज्ञ की ओर से किया जा चुका है। अब सवाल उठता है कि जब वह ताड़पत्र संग्रह में नहीं थे और उन्हें खुले हाल में सड़ने के लिए छोड़ दिया गया था, तब उनका दीमकों से उपचार क्यों कराया जाता रहा।

### जोनल कार्यालय कटरा के अन्तर्गत गृहकर वसूली के दौरान भवन पर हुई सीलिंग की कार्यवाही



**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा ऐसे गृहकर बकायेदारों जिन्होंने वर्षों से अपने भवन का गृहकर जमा नही किया है ऐसे बकायेदारों के विरूद्ध नियमानुसार नोटिस प्राप्त कराने के पश्चात भी अपने भवन का ससमय गृहकर नही जमा कर हैं। ऐसे भवन स्वामियों के विरूद्ध सख्ती अपनाते हुए तथा गृहकर वसूली अभियान में तेजी दिखाते हुए नगर निगम प्रशासन की वसूली टीम द्वारा गृहकर न जमा करने वाले भवन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए शनिवार को जोनल कार्यालय कटरा में 09 भवन स्वामियों पर प्रस्तावित कुर्की के दौरान भवन संख्या 15/12बी थार्नहिल रोड, भवन स्वामी लक्ष्मी नारायण सिंह के भवन पर गृहकर बकाया धनराशि रू0-45.70 हजार बकाया था उक्त भवन पर दोनों भाईयो के मध्य आपसी मतभेद के कारण एक भाई द्वारा गृहकर बकाये का भुगतान न करने पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-12.06 लाख कैश/चेक के माध्यम से वसूलयावी की गयी। कार्यवाही का नेतृत्व करते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की वसूली टीम में कर अधीक्षक कटरा श्रीमती मोनिका रस्तोगी, राजस्व निरीक्षक श्री कमलेश पाण्डेय तथा नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।



## संपूर्ण समाधान में नहीं पहुंचे डीएम फरियादी हुए मायूस

**प्रयागराज।** तहसील मेजा के मुख्यालय में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी व सीडीओ की संयुक्त अध्यक्षता में होना था। हालांकि विशेष शासन के कार्य के कारण वह समाधान दिवस में नहीं पहुंच सके। जिस पर डीएम को फरियाद सुनाने आए फरियादी मायूस हो गए। आज मेजा समाधान दिवस में राजस्व से 95 पुलिस से45 विकास 29 समाज से 03 स्वाथ्य से3 अन्य 46 कुल मिलाकर 221 प्रार्थना पत्र आये जिसमे से मौके पर 2 का एडीएम प्रशासन की देख रेख में उपस्थित अधिकारीयो द्वारा निस्तारण किया गया।इस मौके उपजिलाधिकारी मेजा जयजीत कौर मिश्रा,सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता, तहसीलदार मेजा रवि प्रकाश सिंह तहसीलदार न्यायिक प्रभात पाण्डेय,नायब लालतारा राजेन्द्र सिंह नायब मेजा अनुग्रह सिंह नायब माण्डा अश्वनी तिवारी व वीडियो मेजा माण्डा उरुवा अन्य विभागों के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओ को सुने और शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर एडीएम भू राजस्व कुंवर पंकज ने कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है। इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कहा कि जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है, संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना मांडा शैलेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोराव राकेश कुमार भारतिया,थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय एवम सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर घर बैठे मिलेगा काशी विश्वनाथ का प्रसाद

### 251 रुपए में देश के किसी भी कोने में मंगा सकते हैं, डाक विभाग की विशेष तैयारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के मौके पर यदि आप भी घर बैठे काशी विश्वनाथ का प्रसाद मंगाना चाहते हैं तो डाक विभाग आपकी मदद करेगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के नव्य-दिव्य स्वरूप में आने के बाद बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्त खूब उमड़ रहे हैं। देश के किसी भी कोने से शिवभक्त बाबा विश्वनाथ का प्रसाद घर मंगा सकते हैं वह भी महज 251 रुपये में। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के बीच हुये एक एग्रीमेंट के तहत नए स्वरूप में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद देश भर में स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है।केके यादव ने बताया कि अपने नजदीकी डाकघर से मात्र 251 रुपये का ई-मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर वाराणसी (पूर्वी) मंडल-221001 के नाम भेजना होता है। ई-मनीऑर्डर प्राप्त होते ही डाक विभाग



द्वारा तत्काल दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद भेज दिया जाता है। डिब्बा बंद प्रसाद टेंपर प्रूफ इनवेलप में होता है। इससे किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसके अलावा इसे मात्र 201 रुपये में वाराणसी सिटी डाकघर के काउंटर से भी प्राप्त किया जा सकता है।डाक विभाग ने इस बात के भी प्रबंध किए हैं कि, भक्तों को मोबाइल नंबर पर स्पीड पोस्ट का विवरण एसएमएस के माध्यम से मिलेगा। इसके लिए भक्तों को ई-मनीऑर्डर में अपना पूरा पता, पिन कोड और मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य होगा।

#### श्री काशी विश्वनाथ प्रसाद में यह वस्तुएं शामिल

पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि प्रसाद में श्री काशी विश्वनाथ जी की फोटो, महामृत्युंजय यंत्र, श्री शिव चालीसा, 108 दाने की रुद्राक्ष की माला, बेलपत्र, माता अन्नपूर्णा से भिक्षाटन करते भोले बाबा की छवि अंकित सिक्का, भभूति, रक्षा सूत्र, रुद्राक्ष मनका, मेवा, मिश्री का पैकेट इत्यादि शामिल हैं। सूखा होने के कारण यह प्रसाद लम्बे समय तक उपयोग में बना रहता है।

### तुलापुर में विकास कार्यों की सोशल ऑडिट संपन्न

**प्रयागराज।** ग्राम पंचायत तुलापुर में खुली बैठक कर विकास कार्यों की सोशल ऑडिट की गई। जिसमें मुख्य रूप से ऑडिटर अरविंद कुमार सिंह अपने टीम के सदस्यों के साथ पंचायत भवन तुलापुर में मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों की सोशल ऑडिट की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव राम बहादुर, प्रधान पुष्पा मिश्रा, व रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, पंचायत सहायक प्रिया, सफाई कर्मी अनिल कुमार,व राम मूर्ति, आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत सोशल आडिट टीम के द्वारा कराए गए ग्राम पंचायत में कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया । बैठक में उपस्थित मनरेगा श्रमिक- रामबरन ,राकेश चौहान, रामप्रकाश, पारस नाथ भारतीय, मुकेश कुमार भारतीय, शिवम, पारस चौहान, उर्मिला देवी, कन्या देवी, संगीता देवी, प्रेम देवी, फूला देवी आदि लोग रहे।

### बाइक में भिड़ंत :पीछे से आ रही ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**प्रयागराज।** शनिवार शाम में पड़िला निकट महादेव गार्डन निकट दो बाइकों में भिड़ंत हो गई वहीं पीछे से आ रही ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत हो गई। मृतक का नाम उमेश शर्मा पुत्र जमुना बताया जा रहा जो थाना कर्नलगंज के दूरदर्शन कालोनी के रहने वाला है। घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुँची शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

# भरत चौक के नाम से जाना जाएगा चौक घंटाघरः हरिप्रताप सिंह

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक में नपाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया बजट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेला की एक बोर्ड बैठक शनिार को पालिकाध्यक्ष हरि प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अपरान्ह तीन बजे सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत् बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी तथा पालिका के माह-दिसम्बर, 2023 एवं जनवरी, 2024 के आय-व्यय का सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत से अनुमोदन किया गया।

इसके उपरान्त पालिका द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए अंकन-74,55,67,195 अनुमानित आय का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे सदस्यो द्वारा सर्वसम्मत से पारित किया गया है। विगत बोर्ड बैठक में न्यू0म्यु0कालोनी बाबागंज में स्थित पालिका के आवासीय भू-खण्डो के नामान्तरण एवं नवीनीकरण के सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा गठित 5 सदस्यीय समिति की आख्या बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की गयी। जिससे बोर्ड ने सर्वसम्मत से स्वीकार किया। इसी प्रकार नगर के हृदय स्थली चौक घंटाघर को अब भरत चैक के नाम से जाना जायेगा। ऐसा निर्णय बोर्ड द्वारा सर्वसम्मत से लिया गया है। नगर पालिका की सीमान्तर्गत स्थित सुभाष पार्क एवं चन्द्र शेखर आजाद पार्क के उच्चीकरण एवं सौन्दर्गीकरण के प्रस्ताव को बोर्ड ने सर्वसम्मत से स्वीकार किया।



नगर पालिका की बैठक में बोलते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह

उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के कम में प्रत्येक 02 वर्षों का नगर में स्थित भवनो के सम्पत्ति कर, जलकर एवं गृहकर के पुर्नानिर्धारण की व्यवस्था लागू किये जाने पर विस्तृत चर्चोपरांत बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की।

डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण तथा निस्तारण एवं आउट सोर्सिंग कर्मचारियो की निविदा के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया कि यथाशीघ्र वर्ष 2024-25 के लिये उपर्युक्त कार्यों के सम्बन्ध में निविदाए आमंत्रित की जाए। अध्यक्ष की अनुमति से बैठक में सभासदो द्वारा अपने क्षेत्र की समस्याओ को सदन के समक्ष रखा गया।

जिस पर अध्यक्ष द्वारा अधिशाषी अधिकारी सहित अन्य अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि सदस्यो द्वारा सदन के समक्ष प्रस्तुत अपने वार्ड की समस्याओ का त्वारित एवं प्रभावी निराकरण किया जाए। बैठक का संचालन अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने किया तथा श्रीमती रीना सरोज, विनोद कुमार, राकेश पटेल, श्रीमती हेमलता सिंह, उर्मिला सिंह, बंसतलाल, कुसुम सिंह, मुफीज अहमद, दीपक कुमार, धीरज सिंह, सुनील दूबे, निभा मौर्या, कमला देवी, आशीष जायसवाल, विजय बहादुर, अमृत लाल, उदय शंकर, धर्मशील शुक्ल, तुषार दत्त, श्रीमती छाया श्रीवास्तव, शिव शंकर मिश्र, कुमकुम व शहनाज बानो उपस्थित रहे।



विदाई समारोह में मंच पर मौजूद बीडीओ, मनरेगा बीडीओ व संतोष कुमार।

## सेवा निवृत्त होने पर सहायक एडीओ पंचायत की धूम धाम के साथ विदाई समारोह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** 33 वर्षो में जनपद गैरजनपद के ब्लाक मुख्यालय में एसडीओ व सहायक पंचायत अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे विकास खण्ड कालाकांकर में सहायक ए डी ओ पंचायत संतोष कुमार शुक्ला का 29 फरवरी को सेवानिवृत होने पर ब्लाक कालाकांकर के सभागार कक्ष मे भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान संतोष कुमार शुक्ला को नम आँखो से 51 किलो की माला पहना कर उनकी भाव भीनी विदाई किया। साथ मे शुक्ला जी की धर्म पत्नी का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम मे आये हुए सभी

### बीडीओ व ग्राम विकास अधिकारी पंचायत् सचिवों ने नम आँखो से की विदाई

अतिथियों का ग्राम विकास अधिकारी व पंचायत सचिवो ने माला पहना कर स्वागत किया पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ कालाकांकर के समस्त कर्मचारियों ने 51 किलो का माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद सभी लोग अपनी आँख से निकल रहे आसु को नही रोक सके। सेवा निवृत्त हो रहे शुक्ला जी अपने सम्बोधन मे ब्लाक मुख्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों के प्रति अपना उदगार ब्यक्त करते हुए कहा कि यह एक ऐसा पल है जो यादगार के रूप मे जीवन भर नही भुलाया जा सकता। इस मौके पर ब्लाक कालाक़ांकर के पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष पन्नालाल यादव, सुनील कुमार शिव, योगेश कुमार पाल, संदीप कुमार पटेल, विजय शंकर सोनकर के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ। विदाई समारोह मे ब्लाक प्रमुख रमेश सरोज व प्रतिनिधि एव लवाना प्रधान रमेश सिंह ने शुक्ला जी को अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सीएचसी चिकित्साप्रभारी डा0 मनोज कुमार वर्मा, अनुराग शुक्ला व कालाक़ांकर ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार जायसवाल, रवि शंकर सोनकर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व समापन अनुराग यादव ने किया।

## सुगम खाद्यान्न योजना भाजपा सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धिः एमएलसी

### शिक्षक विधायक ने किया अन्नपूर्णा भवन का उदघाटन, खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के उदयपुर बाजार में शनिवार को मनरेगा के तहत ग्राम विकास विभाग द्वारा निर्मित अन्नपूर्णा भवन का शिक्षक विधायक एवं दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के चेयरमैन उमेश द्विवेदी ने समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। शिक्षक विधायक उमेश ने कहा कि भाजपा के शासन में खाद्यान्न योजना जरूरतमंदो के लिए उनके आत्मसम्मान के लिए वरदान है।

उन्होने कहा कि उचित दर की आदर्श दुकानों की स्थापना का योगी सरकार का निर्णय वृद्धा तथा दिव्यांग व विधवा के साथ गरीब तबके के लिए जीवन निर्वहन में खाद्यान्न की बहुउपलब्धता का पारदर्शी प्रबन्धन है। शिक्षक विधायक ने लोगों से सरकार की इस पारदर्शी सुगम खाद्यान्न योजना को जरूरतमंदो तक लाभान्वित किये जाने का आहवान किया। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की प्रेरणा से ग्रामीणों को सरकारी राशन एवं दैनिक उपभोग की वस्तु तथा आनलाईन सेवाएं अब एक ही स्थान पर सुगम होंगी। वहीं उन्होने कार्यक्रम में सरकार की कृषि समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान बद्री प्रसाद जायसवाल तथा संचालन उमाशंकर सिंह ने किया। पूर्ति निरीक्षक देवी प्रसाद तिवारी ने अन्नपूर्णा योजना के बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर लाल कुंवर बहादुर सिंह, राकेश मिश्र, अजीत प्रताप सिंह, राजेश तिवारी, बाबा तिवारी आदि रहे।

## भव्यता से मनाया जाएगा बाबा घुइसरनाथ धाम में एकता महोत्सवः डीएम

### राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने उन्तीसवें महोत्सव का खींचा खाका

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे होने वाले आगामी सात, आठ तथा नौ मार्च को राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों की शनिवार को यहां तहसील सभागार में डीएम की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय प्रशासनिक बैठक हुई। डीएम के साथ हुई इस तैयारी बैठक में बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने महोत्सव आयोजन को लेकर बिंदुवार विमर्श की रूपरेखा रखी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने महोत्सव को लेकर अधिकारियों से समयबद्ध तैयारियों को भव्यता प्रदान किये जाने को लेकर अनुरोध किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम संजीव रंजन ने महोत्सव को पूरी भव्यता से मनाए जाने का अफसरां तथा आयोजन समिति को निर्देश देते हुए कहा कि महोत्सव मे आने वाले श्रद्धालुओं तथा कलाकारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नही होनी चाहिए। डीएम ने बाबा धाम मे महाशिवरात्रि पर दर्शन पूजन को लेकर मुख्य मंदिर परिसर से मेला क्षेत्र मे सुरक्षा तथा स्वास्थ्य एवं पेयजल के प्रबन्धो को और बेहतर बनाये जाने को कहा। उन्होंने बाबा धाम के सभी मार्गो की पटरियों को भी दुरूस्त किये जाने के साथ महोत्सव को लेकर दिनरात निर्बाध विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित बनाये जाने के निर्देश दिये। बैठक मे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने महोत्सव मे होने वाले उच्चस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा अन्य विविध आयोजन से जुड़े बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सांसद प्रमोद ने कहा कि यह उन्नीसवां राष्ट्रीय एकता महोत्सव देश व प्रदेश मे सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय एकता की मजबूती के लिए समर्पित होगा। वहीं डीएम ने सभी तैयारियों को समय से पूर्ण किये जाने को लेकर विभागीय अफसरो को निर्धारित समय के भीतर महोत्सव स्थली का निरीक्षण करने के भी कड़े निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने धाम में साफ सफाई व विकास विभाग की प्रदर्शनी के बाबत भी सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई पूर्ण कराये जाने को कहा। अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय ने बाबा धाम में सुरक्षा के मजबूत प्रबन्धों के बाबत बैठक में पुलिस विभाग के कार्यकृय पर प्रकाश डाला। संयोजन एसडीएम प्रवीण द्विवेदी ने किया। आयोजन समिति की ओर से राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने महोत्सव को लेकर विभागवार अपेक्षित कार्रवाईयों की जानकारियां प्रदान की। बैठक में जिला सूचना अधिकारी सविता यादव, सीओ रामसूरत सोनकर, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आशीष उपाध्याय आदि रहे।



तहसील सभागार में महोत्सव को लेकर बिंदुवार सुझाव रखते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर समाधान दिवस में वकीलों ने सौपा डीएम को ज्ञापन, निस्तारण का मिला आश्वासन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में वादकारी शेडो के ऊपर से गुजर रहे एलटी लाइन तार के अभी तक सिफ्ट न किये जाने को लेकर वकीलों ने समाधान दिवस में आक्रोश जताया है। जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में डीएम को मांग पत्र सौपा। अध्यक्ष अनिल महेश ने बताया कि पिछले समाधान दिवस में आदेश के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग से जुडे वादकारी शेडो के ऊपर से गुजर रहे एलटी लाइन के तार नहीं बदले जा रहे हैं। डीएम ने इस प्रकरण पर स्वयं कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने का वकीलों को भरोसा दिलाया। ज्ञापन में तहसील में शौचालयों में गंदगी, वाहन स्टैण्ड तथा ट्रेजरी कार्यालय को लालगंज में संचालित कराए जाने के साथ गोशाला में अनियमितता को लेकर बजट पर श्वेत पत्र भी जारी कराए जाने की मांग उठाई। ज्ञापनदाताओं में उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, राममोहन सिंह, टीपी यादव, शिवाकांत उपाध्याय, कमलेश तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र मिश्र, हरिश्चंद्र पाण्डेय, विकास मिश्र, दिनेश सिंह, शहजाद अंसारी, सुरेश मिश्र मदन, अखिलेश द्विवेदी, केके शुक्ल, मस्तराम पाल, आदि अधिवक्ता रहे।

## शिकायतों के समाधान में लापरवाही पर तनी डीएम की भृकुटी, सात शिकायतों का निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में लापरवाह अफसरों को डीएम की कडी फटकार झेलनी पड़ी। समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता देख डीएम ने अधिशाषी अभियंता विद्युत, तहसीलदार तथा रामपुर संग्रामगढ़ के खण्ड विकास अधिकारी को फटकार लगायी। डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में हुई बैठक में फरियादियों की शिकायतों की एक एक कर सुनवाई होती दिखी।

समाधान दिवस में एक सौ दो शिकायतें आयी। इनमे से सात शिकायतो का डीएम ने निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायत राजस्व की बत्तीस, पुलिस विभाग पचीस, विकास विभाग दस, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत छह, आपूर्ति विभाग सोलह तथा अन्य विभागों की बारह रहीं। डीएम ने पिछले समाधान दिवस की भी कुछ शिकायतें दोबारा देख अफसरों की क्लास लगानी शुरू की। तहसील में शौचालयों में गंदगी पर वह तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह पर बिफर पड़े। नये एसडीएम प्रवीण द्विवेदी को साफ सफाई के प्रबन्ध सुनिश्चित कराने को कहा। तहसील गेट पर विद्युत तार न बदले जाने पर अधिशाषी अभियंता विद्युत के द्वारा अब तक की कार्रवाई पर डीएम नाराज दिखे। लोगों की शिकायत पर बीडीओ रामपुर संग्रामगढ़ अश्विनी सोनकर भी डीएम की फटकार की जद में आये दिखे। डीएम संजीव रंजन ने मातहत अफसरों को इस बात के कडे निर्देश दिये कि समस्याओं के समाधान को लेकर वह कतई लापरवाही न बरतें। सिंधौर, चमरूपुर शुक्लान के अरूण वर्मा ने डीएम को दिये गए शिकायती पत्र में कहा कि उनके गांव में पात्रों को प्रधानमंत्री आवास न देकर एक ही परिवार में पति पत्नी दोनों को आवास के लिए चयनित किया गया है। डीएम ने सीडीओ को जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये। शीतलमऊ के शैलेन्द्र कुमार ने दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी ने फर्जी तरीके से खतौनी में अपना नाम दर्ज कराकर भूमिधरी का विक्रय कर दिया। डीएम ने एसडीएम लालगंज को प्रकरण की जांच सौपी है। पूरे छत्तू के शिवरंजन यादव ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि लेखपाल भूमिधरी में आख्या के लिए रिश्वत की मांग कर रहा है। इसकी भी डीएम ने एसडीएम को जांच कर आख्या के निर्देश दिये। पुलिस से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय करते दिखे। इस मौके पर एसडीएम प्रवीण कुमार द्विवेदी, डीआईओ सविता यादव, अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता, बीडीओ लालगंज इंदुप्रकाश श्रीवास्तव, सीओ रामसूरत सोनकर आदि रहे।

## सीबीएसई के सात परीक्षा केन्द्रों पर हुई हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा, प्रश्नपत्र देखकर ज्यादातर बच्चे दिखे उत्साहित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की तरफ से 10वीं की परीक्षाएं जारी हैं। इस कड़ी में कक्षा 10वीं की विज्ञान की परीक्षा शनिवार को जिले के सात परीक्षा केंद्रों क्रमशः न्यू एंजिल्स सी से स्कूल, संगम इंटरनेशनल स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, पंडित नागेश दत्त पब्लिक स्कूल और आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में सकुशल संपन्न हुई जिसमे जिले के 3700 परीक्षार्थियों ने शिरकत किया।

सीबीएसई बोर्ड 10वीं साइंस की लिखित परीक्षा कुल 80 अंकों के लिए आयोजित की गई। इसमें पहले सेक्शन बहुविकल्पीय प्रश्नों का था। जिसमें कुल 20 ऑब्जेक्टिव बेस्ड सवाल एक एक अंक के थे। दूसरा सेक्शन शॉर्ट आंसर क्वेश्चन का था जिसमें 6 सवाल दो दो अंक के पूछे गए थे और हर सवाल का जवाब 30 से 50 शब्दों में देना था। तीसरा सेक्शन 7 शॉर्ट क्वेश्चन के साथ था जिसमें हर एक सवाल के लिए तीन अंक तय थे। ऐसे में यह सेक्शन कुल 21 अंकों का था। इसमें हर सवाल का जवाब 50 से 80 शब्दों में लिखना था।



न्यू एंजिल्स स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

साइंस के पेपर में चैथा सेक्शन लॉन्ग आंसर क्वेश्चन वाला था। इसमें 3 सवाल थे और हर सवाल के लिए 5-5 अंक निर्धारित था। इसमें हर सवाल का जवाब 80 से 120 शब्दों में देना था। यह पूरा सेक्शन 15 अंकों के लिए था। अंत में तीन सवाल सोर्स बेस्ड और केस बेस्ड सवालों पर थे। इसमें हर सवाल के जवाब पर 4 अंक निर्धारित था। यह सेक्शन कुल 12 अंकों के लिए था। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा व प्रधानाचार्य वीके सोनी ने बताया कि परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों के अनुसार आज के विज्ञान का पेपर आसान तथा एनसीईआरटी किताब से हुबहू लिया गया था। केस बेस्ड और सोर्स बेस्ड प्रश्न भले ही थोड़े मुश्किल थे मगर कुल मिलाकर 10 वीं कक्षा का विज्ञान का पेपर एकदम संतुलित था। अच्छे नंबर की उम्मीद सबने जाहिर किया।

## बाइक की टककर से मासूम हुआ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कुसुवापुर बाजार में शुक्रवार की शाम स्वामीनाथ केसरवानी का बेटा शुभ केसरवानी (5) वर्षीय सड़क से जा रही बाइक सवार से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजन लोग शुभ को उठा लिया और बाइक सवार को जाने दिया कुछ देर बाद अचानक शुभ को खून की उल्टी होने लगी, जिस पर परिजन लोग स्थानीय पी एस सी अस्पताल ले गये। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने एस आर एन प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया, जहां हालत नाजुक बनी हुई है।

## संदिग्ध दशा में युवक का मिला शव, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया। मौत की जानकारी होते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के पयागीपुर बागवान का पुरवा निवासी चालीस वर्षीय शिवकुमार सरोज पुत्र रोघई सरोज खेती का काम करता है। परिवार के लोगों के अनुसार शिवकुमार शुक्रवार को खेत की रखवाली करने गया था। शाम को जब वह घर नही लौटा तो उसकी खोजबीन की जाने लगी। इसी बीच शाम करीब साढ़े सात बजे घर से करीब तीन सौ मीटर दूर चकमार्ग किनारे उसके अचेट पड़े होने की जानकारी मिली। मृतक की बीडीसी पत्नी रंजना सरोज व परिवार के लोग भागकर वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज ले गये। यहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शनिवार को शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। चैकी इंचार्ज रानीगंज कैथौला सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं।

## इग्नू प्रतापगढ़ को मिली एम ए मनोविज्ञान की मान्यता

### इग्नू अध्ययन केन्द्र पर 41 प्रोग्राम मौजूदः प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र को इग्नू द्वारा एम ए मनोविज्ञान की मान्यता प्राप्त हुई है। आज कॉलेज परिसर में इग्नू प्रवेश जागरूकता अभियान चलाया गया। इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि इग्नू मुख्यालय दिल्ली द्वारा इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ को एम.ए. मनोविज्ञान विषय की मान्यता प्रदान की गई है।

उन्होंने इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि इग्नू दूरस्थ माध्यम से बेहतरीन शिक्षा का विकल्प देता है जिससे कोई भी कार्यरत व्यक्ति अथवा अपनी पढ़ाई छोड़ चुकी गृहणी व महिलाएँ भी अपने मनचाहे कोर्स में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकती हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर मनोज मिश्र ने कहा कि प्रतापगढ़ इग्नू अध्ययन केंद्र पर कुल 41 प्रोग्राम मौजूद हैं जिनमें परास्नातक और स्नातक के सभी कोर्स, डिप्लोमा एवं सर्टिफ़िकेट के विभिन्न प्रोग्राम हैं, जिनको छात्र अपनी आवश्यकता अनुसार चुन सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतापगढ़ अध्ययन केंद्र को जनवरी 2024 सत्र से एमएससी बायोकेमेस्ट्री और उर्दू भाषा में सर्टिफ़िकेट प्रोग्राम की मान्यता प्राप्त हुई है। इग्नू के काउंसलर और जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि इग्नू में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णता ऑनलाइन है जिसे छात्र घर बैठे पूरा कर सकते हैं। इसके साथ ही सरकारी नियमानुसार एससी व एसटी छात्रों के लिए वार्षिक कार्यक्रम में फ़ीस छूट का प्रावधान भी है। इस दौरान प्राणि विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ अमिता मिश्रा, डॉ बलराज मिश्र, विजय पांडे आदि उपस्थित रहे।




एमडीपीजी कालेज में आयोजित बैठक में बोलते प्राचार्य मनोज मिश्र।

## वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में देश का प्रतिनिधित्व कर रहीं वैष्णवी

### रूस द्वारा आयोजित फेस्टिवल में 110 देशों के 20 हजार से अधिक छात्र शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी के प्राचार्य की बेटी वैष्णवी श्रीवास्तव ने देश का नाम दुनियाभर में रोशन किया है। रूस की ओर से आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में वैष्णवी भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। चयनित होने पर कालेज के शिक्षकों ने प्राचार्य का मुंह मीठा कराकर बधाई दी।

वैष्णवी का चयन यूथ फेस्टिवल के यंग आईटी प्रोफेशनल फॉर कंप्यूटर कैटेगरी में हुआ है। इस कैटेगरी में देश भर से 200 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। इनमें वैष्णवी की सबसे कम उम्र 20 साल है। वैष्णवी कहती हैं कि यूथ फेस्टिवल में शामिल होने के लिए एक साल तक चयन प्रक्रिया चली। निबंध लिखने के साथ इंटरव्यू के कई राउंड हुए।



वैष्णवी श्रीवास्तव।

अंतिम राउंड के इंटरव्यू में एक मिनट के भीतर तीन सवालों के जवाब देने के बाद उनका चयन हुआ है। वैष्णवी ने बताया कि विश्व भर के 110 देशों के 20 हजार छात्र-छात्राएं इसमें शामिल हो रहे हैं। वैष्णवी के पिता प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी के प्राचार्य हैं। जबकि मां डा. रचना श्रीवास्तव हरसहाय डिग्री कालेज कानपुर में रसायन विज्ञान विभाग की प्रोफेसर हैं। वैष्णवी की पढ़ाई डीपीएस आजादनगर से हुई है। वर्तमान में वह वनस्थली विद्यापीठ से बीटेक कर रही हैं। उनके चयन पर पीबीपीजी कालेज के प्रबन्धक राजा अनिल प्रताप सिंह ने बधाई देते हुए खुशी जताई। शिक्षकों ने प्राचार्य का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। इस दौरान प्रो.बृजभानु सिंह, प्रो. ब्रम्हानंद प्रताप सिंह, प्रो.उपेंद्र कुमार सिंह, डा.सीपी पांडेय, रश्मि सिंह, डा.भूपाल सिंह, डा.शिव प्रताप सिंह, नीरज पांडेय, राकेश सिंह, डा.अखिलेश मोदनवाल, सुनीत कुमार सिंह, डा. अशोक वर्मा, अजय कुमार सिंह, अजीत सिंह, अरविंद सिंह, रवि प्रकाश सिंह, सूरज पाल, संतोष सिंह, बालेन्दु सिंह, सन्दीप मौर्य, प्रमोद मौर्य आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म व पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर संग्रामगढ़ प्रभारी सत्येंद्र सिंह के निर्देशन पर उप निरीक्षक अमित सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के खड़वारी चैराहा नहर पुलिया के पास से अभियुक्त आशीष सरोज पुत्र होरीलाल को 376/विदाई 3/4 पास्को एक्ट के अभियोग दर्ज के मामले में गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

# मुकदमे से लौट रहे बाइक सवार चाचा भतीजे को डम्फर ने कुचला भतीजे की मौत

## हादसे में घायल चाचा को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती

अखंड भारत संदेश

**चायल कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर की अदालत से वापस प्रयागराज लौट रहे चाचा भतीजे की बाइक को पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के पास डम्फर ने कुचल दिया है घटना शनिवार की रात लगभग 7:30 की है हादसे में भतीजे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है और इस हादसे में चाचा गंभीर घायल है हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने भतीजे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे में घायल चाचा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है मामले की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं बताया जाता है कि मृतक युवक बलात्कार के मुकदमे में आरोपी है और अदालत की कार्यवाही में मंझनपुर से वापस प्रयागराज लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र



के रसूलपुर सोनी गांव निवासी सुनील सिंह ठाकुर उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हरिश्चंद्र अपने चाचा सुमिरन सिंह पुत्र वासुदेव के साथ बाइक से मंझनपुर की अदालत में आए थे बताया जाता है कि सुनील सिंह के ऊपर बलात्कार का मुकदमा दर्ज है अदालत की कार्यवाही पूर्ण करने के बाद सुनील सिंह अपने चाचा सुमिरन सिंह के साथ बाइक से वापस प्रयागराज लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार चाचा भतीजे पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तेज रफ्तार बालू लदे डम्फर ने चाचा भतीजे को कुचल दिया है जिससे भतीजे सुनील सिंह की दर्दनाक मौत हो गई है हादसा देखकर मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पिपरी पुलिस ने मृतक सुनील सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं हादसे में घायल चाचा सुमिरन सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है बताया जाता है कि सुनील सिंह ने एक मकान मुदीनपुर ट्रांसपोर्ट नगर मुंडेरा प्रयागराज में भी बना रखा है और मुकदमे के बाद वह प्रयागराज मुंडेरा जा रहे थे लेकिन दुर्घटना में सुनील सिंह की मौत हो गई है मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

# राजा भैया समेत 20 लोगों के बरी होने पर पार्टी कार्यालय में जश्न का माहौल

**लखनऊ खंडपीठ ने राजा भइया समेत सभी 20 लोगों को निर्दोष करार दिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं**



**भरवारी कौशाम्बी।** प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा के रहने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया समेत सभी 20 लोगों को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ द्वारा निर्दोष करार दिए जाने की जानकारी मिलने के बाद जनसत्ता दल के कार्यालय मंझनपुर समेत प्रतापगढ़ में जश्न का माहौल रहा है कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन सत्य पराजित नहीं होता उच्च न्यायालय के निर्णय आने के बाद साबित हो गया है कि राजा भैया समेत सभी 20 लोग निर्दोष थे जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की तत्कालीन सरकार द्वारा वर्ष 2010 में ब्लॉक प्रमुख चुनाव के दौरान कुंडा कोतवाली में दर्ज कराए गए गंभीर धाराओं के फर्जी मुकदमें में आज मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ ने राजा भइया व एमएलसी प्रतापगढ़ गोपाल भैया पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार व बाबागंज विधायक विनोद सरोज समेत सभी 20 लोगों को निर्दोष करार देते हुए अपना निर्णय सुनाया। उच्च न्यायालय के निर्णय आने के बाद जनसत्ता दल कार्यालय प्रतापगढ़ समेत कौशांबी में पार्टी के कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है उच्च न्यायालय के निर्णय आने के बाद जनसत्ता दल कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाइयाँ बाटकर जश्न मनाया है।

# दुर्गा देवी स्कूल की करोड़ो की संपत्ति कब्जा करने वाले नेता का राजनीति से सूपड़ा साफ होना तय!

## बसपा से आए एक स्वार्थी ने योजनाबद्ध तरीके से भाजपा नेता को दुर्गा देवी स्कूल की संपत्ति में शामिल कर दूसरे नेता को मुसीबत से दिलाई थी मुक्ति

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा की संपत्ति पर जिसने भी बुरी नजर लगाई है उसकी मुसीबत बढ़ जाती है स्कूल की यह संपत्ति श्रापित मानी जाती है पूर्व सांसद श्यामाचरण गुप्ता जब दुर्गा देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक बने प्रबंधक बनते ही उनकी मुसीबत बढ़ना तय हो गई प्रत्येक चुनाव हारने लगे बीमारियों से ग्रसित हो गए इस बात का उन्हें एहसास हो गया उन्होंने संपत्ति स्थानांतरित कर दी कौशांबी की राजनीत में बड़ा दखल रखने वाले पूर्व सांसद विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष की सीट पर कब्जा रखने वाले वाचस्पति ने दुर्गा देवी की संपत्ति अपने अधिकार में ले ली जैसे ही वाचस्पति ने दुर्गा देवी स्कूल की संपत्ति पर अधिकार जमाया उनकी पत्नी को जिला पंचायत अध्यक्ष का पद छोड़ना पड़ा सांसद विधायक का पद भी उनसे छूट गया बड़े राजनीतिक दलों से सांसद विधायक का टिकट मांगा लेकिन बड़े राजनीतिक दल ने उन्हें टिकट देने से इनकार कर दिया कई चुनाव लड़े लेकिन किसी चुनाव में उन्हें सफलता नहीं मिली दुर्गा देवी स्कूल की संपत्ति लेने के बाद वाचस्पति राजनीति में शून्य हो गए कभी उनके आगे पीछे लोगों का काफिला घूमता था पूरे दिन उनका जयकारा होता था लेकिन उनसे मिलने वालों के टोटे पड़ गए गंभीर बीमारियों से वाचस्पति ग्रसित हो गए तमाम लखनऊ दिल्ली के डॉक्टर से इलाज कराया लेकिन बीमारी ठीक होने का नाम नहीं ले रही थी वाचस्पति को भी एहसास हो गया दुर्गा देवी इंटर कॉलेज की संपत्ति श्रापित है उस संपत्ति पर दखल करने के बाद उनके ऊपर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है उन्होंने एक अपने चिर परिचित खास स्वार्थी को दुर्गा देवी इंटर कॉलेज की संपत्ति स्थानांतरण करने के लिए लोगों के बीच लगाया यह स्वार्थी भाजपा के एक नेता के पास पहुंच गए जिस समय यह स्वार्थी भाजपा नेता के पास पहुंचा भाजपा नेता राजनीति की बुलंदियों पर थे आगे पीछे गनर की फौज लगी रहती थी जयकारा करने वाले लोग एक झलक पाने को बेताब होते थे भाजपा के इस नेता के पास दौलत का शुमार था उन्हें भी लगा कम कीमत में दुर्गा देवी इंटर कॉलेज की संपत्ति मिल रही है उन्होंने दुर्गा देवी की संपत्ति पर अधिकार जमा लिया और स्कूल की संपत्ति को बेचना शुरू कर दिया जैसे ही इस नेताजी ने दुर्गा देवी के संपत्ति पर अधिकार जमाया वाचस्पति की मुसीबत तो कम हो गई दूसरी पार्टी से वह चुनाव जीत गए उनकी बीमारी काफी हद तक ठीक हो गई लेकिन इस भाजपा नेता की मुसीबत उसी के बाद से बढ़ना शुरू हो गई तमाम गंभीर बीमारियों से यह भाजपा नेता ग्रसित हो गए बताया जाता है कि कुछ महीने पहले तो यह थैली लटका कर चलते थे लखनऊ दिल्ली के तमाम बड़े डॉक्टरों से इलाज कराया इलाज में लाखों की रकम खर्च की लेकिन इनकी भी मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है दुर्गा देवी इंटर कॉलेज की श्रापित संपत्ति पर यदि भाजपा नेता ने दखल नहीं खत्म किया तो आने वाले दिनों में इस नेता का भी राजनीति से सूपड़ा साफ होने में समय नहीं लगेगा।

# काठ गांव की युवती से अधेड़ ने किया दुष्कर्म

**चायल कौशाम्बी।** प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के काठगांव की एक मंदबुद्धि युवती के साथ अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने खेत में घसीट कर बलात्कार किया है घटना एक मार्च के दोपहर की बताई जाती है मामले की सूचना युवती ने एयरपोर्ट थाना पुलिस को देते हुए अधेड़ पर कार्यवाही की मांग की है लेकिन खबर लिखे जाने तक युवती के साथ बलात्कार के इस मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से पीड़ित युवती उपायुक्त पुलिस धूमनगंज के पास पहुंची है और शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# हत्यारी है उत्तर प्रदेश की पुलिस : आशीष मिश्रा

## धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आम जनता की लड़ाई कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक लड़ेगी

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा देकर घर वापस जा रहा छात्र पुलिस मुठभेड़ में गोली का शिकार हो गया परिजनों के बिना सहमत के बालक का पुलिस ने मनमानी तरीके से अंतिम संस्कार भी कर दिया जिससे पुलिस का घिनौना चेहरा एक बार फिर सामने उजागर हुआ है उसे न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में धरना प्रदर्शन सभा करके उत्तर प्रदेश की सरकार पर जमकर कुठाराघात करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में प्रशासन निरंकुश हो गया है उत्तर प्रदेश की पुलिस हत्यारी है सरकार का प्रशासन पर कोई अंकुश नहीं रह गया है आम जनता त्रस्त हो चुकी है और चारों तरफ त्राहि त्राहि मची हुई है कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आम जनता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे और पीड़ित कमजोर मजलूम महिलाओं को न्याय दिलाएंगे। जनपद मुख्यालय मंझनपुर में धरना प्रदर्शन सभा कर विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दो दिन पहले उत्तर प्रदेश के रामनगर के सिलाई 12 गांव में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस और जनता के बीच के मुठभेड़ में बोर्ड की परीक्षा से घर वापस आ रहा दसवीं में पढ़ रहा बालक सुमेश कुमार उत्तर प्रदेश के पुलिस की गोली का शिकार हो गया बालक की मौत के बाद भी पुलिस ने उसके शव को परिजनों को नहीं सौपा और उसका अंतिम संस्कार मनमानी तरीके से कर दिया जिससे पुलिस का घिनौना चेहरा उजागर हुआ है आज उसी बालक को न्याय दिलाने के लिए कौशांबी जनपद में कांग्रेस नेताओ ने जिला मुख्यालय मंझनपुर में धरना प्रदर्शन सभा कर पुलिस गोली का शिकार हुए बालक को न्याय देने की मांग की है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कौशांबी के प्रभारी राजेश साहनी ने कहा कि जिस प्रकार आज प्रशासन द्वारा प्रबलता पूर्वक सरेआम गुण्डई की जा रही है ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार मिश्रा पप्पू ने कहा कि आज प्रशासन पर शासन का कोई अंकुश नहीं है ऐसे तमाम मामले हैं जिन पर कोई सुनवाई नहीं होती कई कोरम केवल पूरा किए जाते हैं भाजपा सरकार में आम जनता को न्याय देने की बजाय जनता का मनोबल तोड़ा जाता है उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों का मन तोड़ा जाता है इन सब की लड़ाई कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक लड़ेगी और उसी को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं जो मणिपुर से मुंबई तक जा रहे हैं कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आज जनता बहुत त्रस्त है और भाजपा सरकार से आम जनता निजात चाहती है इस मौके पर कौशांबी प्रभारी राजेश साहनी जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा महासचिव बरसाती लाल पांडा पूर्व महासचिव कौशलेश द्विवेदी शशि त्रिपाठी सचिन शुक्ला नरेंद्र सिंह पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष राजकुमार यादव महेंद्र मिश्रा गुड्डू कांग्रेस सचिव आबिदा बेगम सपना सरोज लालमणि सरोज सुरेश सरोज रामचंद्र सरोज लक्ष्मी सरोज प्रमोद लोक मोहित चतुर्वेदीआदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# डीएम एवं एसपी ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

## राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 34 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता द्रोण तिवारी निवासी ग्राम-गौरये ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गॉव के दबंग व्यक्तियों द्वारा आबादी की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। तहसील सिराथू में कुल 61 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# घटतौली कर रहे कोटेदार की दुकान में मौजूद है दो मशीन

**चायल तहसील के रतगहां गांव के कोटेदार के कारनामे से पीड़ित ग्रामीणों ने खाद एवं रसद विभाग से की शिकायत**

**चायल कौशाम्बी।** सरकार चाहे जितना कोटेदारों पर कानून नियम बनाकर कर राशन की कालाबाजारी रोकने का प्रयास करें लेकिन पूर्ति विभाग की साठगांठ के चलते कोटेदारों के विवेक के आगे सरकार और उनके अधिकारी कमजोर पड़ते दिखाई पड़ रहे हैं बीते पांच दशक से गरीबों के हक पर डाका डालने वाले पूर्ति विभाग के अधिकारी और कोटेदार का गठजोड़ खत्म होता नहीं दिख रहा है जिससे पात्र कार्ड धारकों तक सही राशन नहीं पहुंच पाता है सरकार ने मशीन में अंगूठा लगाकर कार्ड धारकों को राशन दिए जाने का नियम बनाया राशन की घटतौली रोकने के लिए सरकार की ओर से कोटेदारों को इलेक्ट्रॉनिक मशीन उपलब्ध कराई गई लेकिन कोटेदार दुकान में दो मशीन लगा कर बैठे हैं अधिकारियों की जांच में एक मशीन दिखाई जाती है जो सही तौल देती है और अधिकारी खुश हो जाते हैं कि कोटेदार उनका ईमानदार है घटतौली नहीं कर रहा है जबकि कोटेदारों के पास दूसरी तौल मशीन भी मौजूद है जिसमें राशन तौल के समय अपने से वजन कम तौल जाता है दूसरी मशीन में पूर्व नियोजित घटतौली की सेटिंग की गई है मामले का खुलासा रतगाहा गांव के ग्रामीणों ने करते हुए जिले स्तर पर शिकायत की लेकिन कोटेदार पर कार्यवाही नहीं हुई जिससे आक्रोशित कार्ड धारकों ने शासन स्तर पर शिकायत की है। चायल तहसील के रतगहां गांव के कोटेदार के आतंक से पीड़ित ग्रामीणों ने खाद एवं रसद विभाग से शिकायत कर कोटा हटाने की मांग की है ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्ति विभाग ने कोटेदार के तौल मशीन की जांच की थी जाँच के दौरान मौके पर दो तौल मशीन पकड़ी गई थी जिस पर पूर्ति विभाग ने कोटेदार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन उसके बाद भी कोटेदार पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। नाराज ग्रामीणों ने लखनऊ शिकायत कर कोटेदार पर कार्यवाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### परिषदीय विद्यालयों में नामित नोडल टीचर्स का 05 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**कौशाम्बी।** परिषदीय विद्यालयों में नामित नोडल टीचर्स का 05 दिवसीय प्रशिक्षण दिनाँक 27/02/2024 से 02/03/2024 तक ब्लाक संसाधन केन्द्र मूरतगंज में संपन्न हुआ उक्त प्रशिक्षण समेकित शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चो की शिक्षा हेतु परिषदीय विद्यालयों में नामित नोडल टीचर्स को 05 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमें दिव्यांग बच्चो की समावेशी शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु डॉक्टर कमलेंद्र कुमार कुशवाहा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं नसरीन फारूकी खण्ड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज के कुशल निर्देशन में संचालित कर पूर्ण हुआ प्रशिक्षण के दिवसों में दिब्यांग बच्चों से सम्बन्धित समर्थ ऐप पर नोडल टीचर द्वारा कार्य करने की क्रिया कलाप, निदानात्मक शिक्षण की अवधारणा एवं रूपरेखा निदानात्मक शिक्षण के चरण, बुनियादी साक्षरता को बढ़ाने हेतु शिक्षण रणनीतियां एवं बुनियादी संख्या ज्ञान व दिब्यांग बच्चों के विद्यालयी बाधा मुक्त वातावरण में दैनिक क्रिया कलाप हेतु शिक्षण रणनीतियां के प्रमुख बिंदु, प्रक्रिया/तरीका के बारे मे विस्तार से प्रकाश डाला गया।शिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स(स्पेशल एजुकेटर)राम बहादुर कुशवाहा, श्रद्धा शुक्ला एवं वशिष्ठ नारायण शुक्ल ने विस्तार से प्रकाश डाला।प्रशिक्षण में समस्त प्रशिक्षण कर्ता नोडल अध्यापक व बीआरसी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### सूने घर का ताला काटकर 7 लाख के सोने चांदी के जेवर उठा ले गए चोर



**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत पुलिस चौकी भरवारी के मेहता रोड निवासी सुरेश चंद्र तिवारी पुत्र स्व राम लखन तिवारी की मृत्यु उपरांत तेरही संस्कार का कार्यक्रम करारी थाना क्षेत्र के शुक्लन का पुरवा गांव में आयोजित था घर में ताला बंद करके परिवार के लोग तेरही कार्यक्रम में शामिल होने चले गए थे इसी बीच चोरों को बंद पड़े घर की जानकारी हुई और घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान उठा ले गए हैं पुलिस गस्त ना होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। कार्यक्रम से वापस लौटे गृह स्वामी सुरेश तिवारी ने बताया की मेरे पिता जी का स्वर्गवास हो गया था शुक्रवार को शुक्लन का पूरा गांव करारी मे पिता की तेरही कार्यक्रम था जिसमे परिवार के सभी लोग गए हुए थे देर रात वापस घर आने पर घर मे गेट पर ताला लगा हुआ था परंतु चोर गेट के ऊपरी हिस्से से अंदर घुस गए अंदर घुस कर चोरों ने गोदरेज की अलमारी का ताला काटकर लाकर में रखा काफी सोने का गहना वा चांदी का गहना उठा ले गए बड़े बक्शे के अंदर गुल्लक में लगभग एक लाख नगद पर हाथ साफ कर दिया चोरी गए सोने के सामानों की बात की जाय तो अलमारी में रखा सोने की दो तोले की जंजीर सोने का लच्छा सोने का मंगल सूत्र सोने का झुमका सुई धागा सोने का अंगूठी सोने की माथ बेदी सोने की सोने का कड़ा सोने के टाप्स सोने की नथ के अलावा चांदी की चैन पट्टी चार जोड़ा चांदी की पायल तीन जोड़ा चांदी की करधनी लगभग आधा किलो लगभग एक दर्जन बिछिया के अलावा और भी सामान चांदी वा सोने के चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मोहल्ले के लोगो ने बताया कि आज तक किसी पुलिस के जवानों द्वारा गस्त नहीं किया जा रहा है जिससे चोर बेखौफ है गृह स्वामी सुरेश तिवारी का कहना हैं कि मैने अपनी बेटी की शादी के लिए सोने चांदी के जेवर खरीद कर रखा हुआ था।

### चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** शुक्रवार को करारी थाना पुलिस के उप निरीक्षक सियाकांत चौरसिया ने चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है अभियुक्त के विरुद्ध लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया है थाना पुलिस ने बताया कि करारी थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी मेवालाल पुत्र लूशुरू के कब्जे से चोरी की एक बाइक और 1020 रुपए नगद बरामद हुआ है पकड़े गए आरोपों के विरुद्ध पहले से भी संगीन धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे अदालत में पेश किया है।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** शुक्रवार को मंझनपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शर्मा ने मुकदमे में वांछित अभियुक्त आवसाब अहमद पुत्र मंसूर अली मूल निवासी अल्लीपुर कोतवाली मंझनपुर को काशीराम कॉलोनी समदा मंझनपुर से गिरफ्तार किया है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने वांछित अभियुक्त को अदालत में पेश किया है।

# 20 अन्नपूर्णा भवनों का किया गया लोकार्पण

## जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने अन्नपूर्णा भवन सौंरईखुर्द का फीता काटकर किया लोकार्पण, ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का किया गया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 1100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का लोकार्पण तथा 79 हजार उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ किया। इसका सजीव प्रसारण ग्राम पंचायत-सौंरईखुर्द में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सम्बोधन को सुना इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन सौंरईखुर्द का फीता काटकर लोकार्पण एवं ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया गया है वर्ष-2014 में सरकार बनने के साथ ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संकल्प को लगातार पूर्ण करने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्हांने कहा कि पूर्व में घटतौली की अधिकतर शिकायतें आती रहती थीं, परन्तु सरकार द्वारा ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन के माध्यम से पात्र व्यक्ति को पूर्ण वजन में राशन दिलाने की सरकार की यह गारण्टी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर संकल्प को पूर्ण करने की गारण्टी दी हैं। प्रधानमंत्री द्वारा कोविड कॉल के दौरान लोगों को महामारी से बचाने के लिए निःशुल्क कोविड का टीका लगाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही कोविड कॉल से ही 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन देने का भी कार्य किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, इस कार्य में हम सब लोगों को भी अपना पूर्ण योगदान करना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कोटेदारों द्वारा राशन वितरण का कार्य किया जाता हैं। कोटेदारों के बदलने से राशन वितरण स्थल भी बदल जाता था, किन्तु अब अन्नपूर्णा भवन के बन जाने से राशन वितरण एक ही स्थान से होगा। मनरेगा योजनान्तर्गत जनपद में 20 अन्नपूर्णा भवनां का आज लोकार्पण हुआ हैं।जिला पूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी ने बताया कि उचित दर दुकानों की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए राज्य सकार द्वारा उचित दर दुकानों के माध्यम से विद्युत देयकों का भुगतान, सीएसी सेवायें, पीएम वाडी के अन्तर्गत ब्राडबैंड सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जन-मानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं के बिक्री की भी अनुमति प्रदान की गई। भारत सरकार द्वारा भी आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रत्येक जनपद में 75 उचित दर दुकानों को चिन्हित करते हुए मॉडल शॉप के रूप में विकसित किया जायेंगा। कुल 20 अन्नपूर्णा भवनों-थोन, सौंरईखुर्द, जुगराजपुर, म्योहरिया, फैजुल्लापुर, जमदुआ, जजौली, अलवारा, पुनवार, नगरेहा, तरसौरा, अफजलपुर वारी, बाराहवेली खालसा, खोपा, पुरखास, कमालपुर बरेठी, मोहम्मदपुर, चिल्ला शहबाजी, मोहीद्दीनपुर कुरई एवं जलालपुर बोरियां सम्मिलित हैं इस अवसर पर जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी, खण्ड विकास अधिकारी भावेश शुक्ला एवं सभी पूर्ति निरीक्षक तथा प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सिराथू लवकुश मौर्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# एमएसपी' को कानूनी दर्जा देने से मजबूत होगी कृषि

अक्सर 'एमएसपी' के संदर्भ में कहा जाता है कि वित्तीय बोझ होगा। यदि हम मानकर चलें कि फसलों के लिए हमें सरकारी उपार्जन और निजी बाजार दोनों की जरूरत है, तो उपार्जन का खर्चा अपने आप कम हो जाता है। दूसरा, इसे सब्सिडी की नजर से न देखकर निवेश के रूप में देखें। क्या इस निवेश से विकास की पूर्ति हो रही है? किसानों को उचित भाव मिलना और खेती में सुरक्षा एवं गरिमा महसूस करना महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि 'भारतीय खाद्य निगम' (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यत: गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी 'एमएसपी' पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाजार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएं कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 'एमएसपी' फसलों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं, जिनका निजी बाजार मजबूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है। इन फसलों के लिए 'एमएसपी' एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में 'फ्लोर प्राइस' बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं - वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए च्टिल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। 'एमएसपी' का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार 'एमएसपी' के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए। यह दो तरीकों से हो सकता है। मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार 'एमएसपी' से कम दाम पर न हो। जहां मिल द्वारा उपज खरीदी जाती है, वह भी 'एमएसपी' से कम पर न हो। यदि भाव को नियंत्रित करना जरूरी हो तो अंश-कालिक सरकारी खरीदी खोल देनी चाहिए। कॉम्पिटिशन से निजी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएंगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाजार भाव 'एमएसपी' के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की जरूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है।

दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव 'एमएसपी' से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब 'एमएसपी' का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी 'एमएसपी' नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाजार 'एमएसपी' के नीचे ही चलता रहा। ऐसी स्थिति में सरकार के लिए केवल 'एमएसपी' के नियम को लागू करने से काम नहीं चलेगा। भाव को ऊपर खींचना होगा। इसके लिए सरकार को विकेंद्रीकृत तरीके से हर जिले में छोटे-छोटे उपार्जन-केंद्र खोलने होंगे और 10 से 40 प्रतिशत फसल खरीदने की व्यवस्था बनानी होगी। उदाहरण के लिए गेहूं को देखें। एक जिले में 50 से अधिक उपार्जन केंद्र हैं। किसान पंजीयन करते हैं और उन्हें पास का केंद्र मिल जाता है। उपार्जन के बाद पैसे उनके बैंक खाते में डाल दिए जाते हैं। इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण 30 से 50 प्रतिशत किसान इसका लाभ ले पाए। बड़ी बात यह रही कि निजी व्यापार पर कॉम्पिटिशन का असर पड़ा और मंडी के भाव 'एमएसपी' के पास या अधिक रहे। उपार्जन ने निजी व्यापार भाव को भी ऊपर उठाया। 40 से 60 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से हुआ और किसानों को उचित भाव मिले। नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है। हर वर्ष 'एमएसपी' की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूं और चावल को छोड़कर) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 'एमएसपी' फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएंगे।

# तुमको याद रखेंगे गुरु

आइए महसूस कीजिये पब्लिसिटी के ताप को,
मैं फिल्मवालों की गली में
ले चलूंगा आपको
तो ख़्वातीनो हजरात मायानगरी की इस चमक-दमक से भरी दुनिया की सैर में आपका खैर मकदम है।

इस रुपहली और मायावी दुनिया का एक बेफिक्र फलसफा है बदनाम होंगे तो क्या नाम न होगा।

जी यकीनन होगा। हर हाल में नाम होना ही चाहिए भले ही बजरिये बदनामी हो।

तो इस रुपहली और मायावी दुनिया की सबसे मायावी कस्तूरी पब्लिसिटी कहते हैं।

तो हुआ यूं कि एक फरवरी को भारत में वित्त मंत्री साहिबा ने संसद में बजट पेश किया जिसमें उन्होंने 9-14 वर्ष की किशोरियों के लिए सर्वाइकल कैंसर के टीकों के लिए सरकार की नेकनीयत योजना के बारे में बताया। जनता ने इसे सुना और सराहा भी और योजना के डीटेल की प्रतीक्षा होने लगी ।

मगर यही बात एक पार्ट टाइम सिने अदाकारा ने अपनी पब्लिसिटी के लिए लपक ली।

जनता अभी सरकार की योजना को ठीक से समझ से पाती कि सर्वाइकल कैंसर से पूनम पांडे नाम की सिने तारिका की मौत की खबर सबसे अविश्वसनीय आभासी प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर बेहद विश्वसनीय तरीके से पोस्ट कर दी गई ।

पूनम पांडे तीस की वय पार कर चुकी एक सिनेमा की तारिका हैं जिन्होंने एक दो फिल्मों में काम किया जो अश्लीलता की उच्च कोटि के उपमेय व उपमान वाले चलचित्र थे। उन्होंने पब्लिसिटी के हर हथकंडे पहले भी अपनाए थे पर उन्हें कुछ खास सफलता नहीं मिली थी।

पूनम पंडित नामक सिने तारिका ने कुछ वर्ष पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के विश्वकप जीतने पर भी खिलाड़ियों के सामने अपने हुस्नोजमाल के भोंडे प्रदर्शन की बात मीडिया में कही थी। गनीमत ये है कि भारत देश में स्त्री को लेकर लोगों में आदर का भाव अभी बचा हुआ है सो पूनम पांडे का वो हथकंडा भी बेकार गया था,अलबत्ता आलोचना भी झेलनी पड़ी थी। हथकंडों से सुर्खियों में आने के मामले में अभी भी भारत मे राखी सावंत की बादशाहत बरकरार थी ।

सो पूनम पांडे नामक सिने तारिका ने सर्वाइकल कैंसर जैसे मुद्दे को लपक लिया। पूनम पांडे के सर्वाइकल कैंसर से अकाल मृत्यु की खबर वहीं से शाया हुई जहाँ से पूनम पांडे अपनी पब्लिसिटी की तमाम खबरें पोस्ट किया करती थीं।

मृत्यु किसी की भी हो, सदैव दुखद ही होती है और भारत में तो मृत्यु हो जाने पर दुश्मन को भी क्षमा कर दिए जाने की परंपरा रही है ।

फिर एक युवती की मृत्यु तो और भी दुखदाई होती है, उनके प्रशंसकों के लिए ये एक सदमा था। दुनिया भर से उनकी अकाल मृत्यु पर शोक संवेदना प्रकट की जाने लगी । करीब 24 घण्टे से अधिक समय तक अपनी मृत्यु का उत्सव करवाने के बाद पूनम पांडे जीवित रूप में अचानक सकुशल प्रकट हुईं ।

इस मृत्यु के तमाशे पर पूनम पांडे ने बहुत ज्यादा पब्लिसिटी बटोरी। जब वह प्रकट हुई तब लोगों को पता चला कि ये एक पब्लिसिटी स्टंट था । उनके पैंतरे देखकर उनकी आदर्श राखी सांवत भी अवाक रह गईं । अपनी समझ के अनुसार राखी सावंत ने कहा झ

मुंबई में ऐसा कोई श्मशान घाट नहीं है जिसमें पूनम पांडे को जलाया या दफनाया जा सके। क्योंकि पूनम बहुत हाट हैं। राखी सावंत ने अपनी छवि के अनुरूप मृत्यु पर भी अपना ज्ञान बघारा। उन्हें कब्रिस्तान और श्मशान घाट में फर्क नहीं पता, गौरतलब है कि राखी सावंत ने कुछ समय पहले ही एक मुस्लिम युवक से निकाह करने से पूर्व इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया था । लेकिन पब्लिसिटी के लिए कोई भी हथकंडा अपनाने वाली राखी सावंत अपनी रुचि से सनातन,इस्लाम और कभी कभार क्रिश्चियन धर्म में आवाजाही करती रहती हैं । पब्लिसिटी के लिए कुछ भी कर गुजरने वाली राखी सावंत ने सार्वजनकि तौर पर राखी का स्वयंवर नामक रियल्टी टीवी शो में घोषणा की थी कि वह उस टीवी शो के विजेता से विवाह करेंगी।

# अब भारत में चौतरफा धाम ही धाम


@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com




हमारे घर वाले सनातनी है। देवी-देवताओं को मानते हैं, पूजते है। और परिवार के हर बूढ़े सदस्य की अंतिम इच्छा होती है कि उसे उसके बच्चे चार धाम करा दें ताकि जिंदगी सार्थक हो जाये। पुराने जमाने में चाहे पढ़ा -लिखा आदमी हो या अनपढ़ चार धाम जाने का सपना देखता ही था। जिंदगी भर पेट काटता, लेकिन चार धाम की यात्रा पर जरूर जाता था। तब आज की तरह चार धाम यात्रा सहज नहीं थी। चार धाम पर जाने का मतलब अंतिम यात्रा पर जाना ही माना जाता था, क्योंकि देश के चारों धाम इतने दुर्गम स्थलों पर स्थित थे कि उन तक पहंच कर अपनी साध पूरा करना भगीरथ को पृथ्वी पर लाने जैसा होता था।

देश में जब से धर्म-धुरंधर और डबल इंजिन की सरकारें बनने लगीं हैं तभी से सब कुछ बदल रहा है। अब देश में जो स्थापित चार धाम थे उनसे कहीं ज्यादा खूबसरत और सम्पन्न धाम इधर-उधर बन गए हैं। हमारी नानी के भाई भगवानदास बताया करते थे कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार चार धाम की यात्रा को बहुत ही पवित्र माना गया है। ऐसी मान्यता है कि चार धाम की यात्रा से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कक्का के मुताबिक चार धाम यात्रा को दक्षिणावर्त दिशा में पूरा करना चाहिए। इसलिए, तीर्थयात्रा यमुनोत्री से शुरू होती है, गंगोत्री की ओर बढ़ती है, केदारनाथ तक जाती है और अंत में बद्रीनाथ पर समाप्त होती है।

कलियुग में इन चार धामों के मुकाबिल अब सनातनी और गैर सनातनियों ने अपने परिश्रम और धन के बूते चार के मुकाबले चालीस धाम बना लिए है। इन धामों में देवता छोटे लेकिन उनके नाम पर दूकान चलाने वाले बड़े -बड़े साधू-सन्यासी बैठने लगे हैं। हर रोज, हर राज्य में एक न एक नया धाम खुल जाता है। इन नए धामों में इतनी धमाधम होती है कि आप कल्पना नहीं कर सकते। इन धामों में कोई और जाये या न जाये लेकिन नेता, मंत्री, विधायक, संसद और तो और प्रधानमंत्री जी जरूर जाते हैं। बाबा बागेश्वर ने अपना धाम बना लिया। पंडोखर वालों ने अपना धाम ठोंक दिया। प्रदीप मिश्रा का अपना धाम है और ऐसे ही किसी तीसरे का तीसरा, चौथे का चौथा धाम है। दक्षिण में तो धामों की लम्बी श्रृंखला है। भगवान खुद इतने सारे धाम देखकर चकित हैं।

धाम का मोटा और महीन अर्थ एक ही है की वह स्थान जहाँ किसी देवता का निवास हो, देवस्थान या पुण्यस्थान, मंदिर, तीर्थ हो वो ही धाम है। महाभारत के अनुसार धाम अपने आप में एक प्रकार के देवता हैं।

शब्दकोश में धाम के लिए गृह, घर, मकानबागडोर, लगामदेह, शरीर, तन, स्वर्ग, बैकुण्ठ चारदीवारी, वैभव, ज्योति, किरण, शोभा, प्रभाव, तेज, विष्णु, ब्रह्म, जन्म और गति को भी धाम ही कहा जाता है। हिंदुओं के धाम चार से ज्यादा नहीं होते और न हो सकते है। ठीक वैसे ही जैसे मक्का और मदीना मुस्लिमों के दो पवित्र स्थान है। ईसाइयों के लिए एक यरुशलम है। सिखों के लिए एक स्वर्ण मंदिर है। लेकिन कलियुग में खासतौर पर मोदी युग में नए -नए धाम खोलने की छूट है। सरकारी जमीनें हड़पो और धाम खोल डालो। कोई सनातनी, इन धामों का विरोध नहीं कर सकता, क्योंकि ये नए धाम धर्म की राजनीति करने में सहायक होते है। इन धामों के स्वामी राजनीतिक दलों के एजेंडे का खुल्ल्म खुल्ला प्रचार करते हैं।

पहले हर सक्षम हिन्दू चार धाम की तीर्थयात्रा करता था। ये चार धाम वे थे जिसका विधान आदि शंकराचार्य ने बताया था। जब आम हिन्दू बद्रीनाथ धाम जाता था तो उसमें केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री जाना भी शामिल रहता था। जैसे हर हिन्दू काशी, प्रयाग और गंगासागर नियमित रूप से सुविधा व समयानुसार जाता रहता था। इसके अतिरिक्त समय और सामर्थ के अनुसार हर हिन्दू बारह ज्योतिलिंगों और बावन शक्तिपीठों का भ्रमण करता रहता था। लेकिन अब सब कुछ उलटा-पुल्टा हो रहा है। डबल इंजिन की सरकारों ने प्राचीन चारों धामों को तो पर्यटन केंद्रों में बदल ही दिया है साथ ही अयोध्या जैसे पुण्य स्थलों को भी चार धामों से ज्यादा प्रतिष्ठित कर दिया है, क्योंकि नए धाम से वोट जुड़े हैं, पुराने धामों से वोट की जुगाड़ नहीं होती। अकेले यूपी सरकार धार्मिक पर्यटन से साल में 25 हजार करोड़ की कमाई करने का लक्ष्य बनाये बैठी है।

रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास को कलियुग में खासकर मोदी युग में धर्म की फजीहत की पूरी आशंका थी। इसीलिए उन्होंने सचेत किया था कि-

मारग सोइ जा कहुँ जोइ भावा। पंडित सोइ जो गाल बजाबा।

मिथ्यारंभ दंभ रत जोईं। ता कहुँ संत कहइ सब कोई।

अब बागेश्वर हो, या कांग्रेस से निकले गए एक बाबा आचार्य प्रमोद कृष्णम या कोई और। सब जगह गाल बजाने वाले जमे हुए हैं। हमारे मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक इन नए धामों का शिलान्यास कर रहे है। वहां माथा तक रहे हैं, कोई कल्कि धाम बना रहा है तो कोई किसी और नाम का धाम। धाम ही नहीं अब तो सरकारी संरक्षण में नए पांचवें, छठवें शंकराचार्य भी बन गए हैं। कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता, क्योकि सत्ता का संरक्षण उनके ऊपर है। सवाल ये है कि नए धाम खोलने कि अनुमति कौन देता है ? कौन इनका प्रमाणीकरण करता है कि ये लूट के अड्डे नहीं हैं, व्यभिचार के केंद्र नहीं हैं। अभी भी ऐसे ही धामों के कथित संस्थापक आसाराम हों या राम-रहीम जेलों में पड़े हैं न ?

सरकार जैसे चिटफंड कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती उसी तरह इन स्वयंभू धामों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं करती और न करेगी, क्योंकि ये दुधारू गायें हैं। आप तुलसीदास जी की मदद से ही इन नक्कालों को पहचान सकते है। तुलसी बाबा ने बहुत साफ शब्दों में लिखा है -

निराचार जो श्रुतिपथ त्यागी। कलिजुग सोइ ग्यानी सो विरागी


जाकें नख अरू जटा बिसाला। सोइ तापस प्रसिद्ध कलिकाला।

असुभ वेस भूसन धरें भच्छाभच्छ जे खाहिं, तेइ जोगी तेइ सिद्ध नर पूज्य ते कलिजुग माहिं।

मेरे कहने का मतलब है कि देश में आजकल केवल लोकतंत्र और संविधान ही नहीं बल्कि धर्म भी खतरे में है। धाम भी खतरे में हैं। इन्हें बचाना ही सच्चा धर्म है। धर्म के नाम पर नकली धाम बनाने में मददगार नेताओं और पार्टियों को वोट देना देशहित नहीं है। देशहित पहचानिये और अपने चार धामों के बाद जितने भी धाम बने दिखाई दें वहां झांकिए तक नहीं, अन्यथा पाप के भागीदार बनेगे आप। मेरा काम आपको सचेत करना था, सो कर दिय। अब आप जानें और आपका काम जाने। आप को चार धाम करना है या चालीस धाम !

# संकट के मुहाने पर वन्यजीव आबादी


अरविंद जयतिलक
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की द्यलिविंग प्लैनेटद्ध रिपोर्ट (एलपीआर) की मानें तो वन्यजीव आबादी में साल 1970 से 2018 के बीच तकरीबन 69 प्रतिशत की कमी आयी है। यह पहली बार नहीं है जब किसी संस्था द्वारा वन्यजीवों की घटती आबादी को लेकर चिंता जताया गया है। अभी गत वर्ष ही नेशनल आटोनॉमस यूनिवर्सिटी आफ मैक्सिको और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया था कि पृथ्वी अपने छठे व्यापक विनाश युग में प्रवेश कर चुकी है और वन्य जीवों के खत्म होने की प्रक्रिया जारी है। वैज्ञानिकों का आंकलन है कि आगामी वर्षों में जीवों की कुल प्रजातियों में से तकरीबन 75 प्रतिशत विलुप्त हो सकती है। यह शोध प्रासीडिंग्स आफ द नेशलन एकेडमी आफ साइंसेज नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ। इस रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक पिछले सौ वर्षों में धरती से 200 वटीर्बेट जीवों की प्रजातियां विलुप्त हुई है। जबकि इतनी प्रजातियों की विलुप्ति दस हजार वर्षों में होनी चाहिए थी। शोध के नतीजे बताते हैं कि अब तक पृथ्वी पर जितने जीव हुए उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लुप्त हो चुके हैं। इनकी संख्या अरबों में है।

1900 से 2015 के बीच स्तनपायी जीवों की प्रजातियों का इलाका 30 प्रतिशत घटा है। इनमें से 40 प्रतिशत प्रजातियों का इलाका 80 प्रतिशत तक कम हुआ है। गत वर्ष वर्ल्ड वाइल्ड फंड एवं लंदन की जूओलॉजिकल सोसायटी की रिपोर्ट से भी खुलासा हुआ था कि 2020 तक धरती से दो तिहाई वन्य जीव खत्म हो जाएंगे। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि दुनिया भर में हो रही जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ता प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले चार दशकों में वन्य जीवों की संख्या में भारी कमी आयी है। इस रिपोर्ट में 1970 से 2012 तक वन्य जीवों की संख्या में 58 प्रतिशत की कमी बतायी गयी है। हाथी और गोरिल्ला जैसे लुप्तप्राय जीवों के साथ-साथ गिद्ध और रेंगने वाले जीव तेजी से खत्म हुए हैं।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2025 तक 67 प्रतिशत वन्य जीवों की संख्या में कमी आ सकती है। यहां ध्यान देने वाली बात यह कि खत्म हो रहे जीवों में सिर्फ जंगली जीव ही नहीं बल्कि पहाड़ों, नदियों एवं महासागरों में रहने वाले जीव भी शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक 1970 से अब तक इन जीवों की संख्या में तकरीबन 81 प्रतिशत की कमी आयी है। जीवों के लुप्त होने का एक महत्वपूर्ण कारण इंसानों द्वारा शिकार का लालच भी है। उदाहरण के लिए, आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या तेजी से घट रही है। गत वर्ष पहले फिनलैंड की एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था जस्टिस फॉर एनीमल ने यह चिंता जताया कि इंसानी लालच की वजह से वन्य जीवों का अस्तित्व मिट रहा है। आर्कटिक लोमड़ियां माइनस 70 डिग्री सेंटीग्रेड से कम तापमान में भी अपने विशेष गर्म फर के कारण प्रसिद्ध हैं। इनका शिकार कर मोटा धन कमाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वन्य प्राणी संरक्षण की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने आर्कटिक लोमड़ियों को सबसे कम चिंता वाली श्रेणी में रखा है। इसके बावजूद भी लक्जरी और लाइफस्टाइल के महंगे उत्पाद बनाने वाली अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां इनके फर महंगे दामों में बेचकर भारी मुनाफा कमा रही हैं। उदाहरण के तौर पर लुई विटन नामक प्रसिद्ध ब्रांड लोमड़ियों के फर से जैकेट बनाकर तकरीबन 6000 डॉलर में बेचता है। फिनलैंड में फर बेचने वाली सबसे बड़ी कंपनी सालाना 25 लाख लोमड़ी की खाल बेचती है। उसी का परिणाम है कि यूरोपिय देश नार्वे, स्वीडन और फिनलैंड में आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या तेजी से कम रही है। फिलहाल इन तीनों देशों में आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या घटकर 200 से भी कम हो चुकी हैं। आसमान में अपने करतबों के लिए चर्चित पक्षी हेन हैरियर का बड़े पैमाने पर शिकार हो रहा है। ब्रिटेन में रॉयल सोसायटी फॉर से प्रोटेक्शन आफ बर्डस द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण से खुलासा हुआ है कि पिछले 6 साल में ब्रिटेन में हेन हैरियल की कुल संख्या यानी 545 जोड़ों में 88 जोड़ों यानी 13 प्रतिशत की कमी आयी है। इन पक्षियों की संख्या में ब्रिटेन में हर जगह कमी आ रही है। इंग्लैंड में इन पक्षियों के प्रजनन करने वाले महज चार जोड़े बचे हैं। स्कॉटलैंड में यह संख्या 505 से घटकर 460 और वेल्स में 57 से घटकर 35 रह गयी है। इसी तरह चीनी पैंगोलिन और गैंडा की भी तादाद कम हो रही है। पिछले एक दशक में अफ्रीका में 1.11 लाख हाथियां इंसनी क्रुरता का शिकार बनी। अफ्रीका में हर वर्ष 211 मिट्रिक टन हाथी दांतों का अवैध वैश्विक कारोबार होता है।

भारत की बात करें तो यहां अवैध शिकार से सालाना 40 प्रतिशत हाथियों की मौत होती है। इसी तरह 2006 से 2015 के बीच काजीरंगा पार्क में 123 गैंडों को शिकार बनाया गया। साल 2013-16 के बीच देश में संरक्षित 1200 से अधिक जानवरों का शिकार किया गया। गौर करें तो वन्य जीवन पर खतरे के महत्वूर्ण कारणों में 71.8 प्रतिशत शिकार, 34.7 प्रतिशत बढ़ता शहरीकरण, 19.4 प्रतिशत ग्लोबल वार्मिंग, 21.9 प्रतिशत प्रदूषण और 62.2 प्रतिशत खेत बनते जंगल मुख्य रुप से जिम्मेदार है। इसी तरह जलीय जीवों के अवैध शिकार के कारण भी 300 प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। जलीय जीवों के नष्ट होने का एक अन्य कारण फफूंद संक्रमण और औद्योगिक इकाईयों का प्रदूषण भी है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं, विभिन्न प्रकार के रोग, जीवों की प्रजनन क्षमता में कमी भी प्रमुख कारण हैं। इन्हीं कारणों की वजह से यूरोप के समुद्र में ल और डॉल्फिन जैसे भारी-भरकम जीव तेजी से खत्म हो रहे हैं।

एक आंकड़े के मुताबिक भीड़ बकरियों जैसे जानवरों के उपचार में दिए जा रहे खतरनाक दवाओं के कारण भी पिछले 20 सालों में दक्षिण-पूर्व एशिया में गिद्धों की संख्या में कमी आयी है। भारत में ही पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। गिद्धों की कमी से मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ हो रहा है और किस्म-किस्म की बीमारियां तेजी से पनप रही हैं। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वन्य जीवों के वैश्विक परिदृश्य पर नजर डालें तो पृथ्वी के समस्त जीवधारियों में से ज्ञात एवं वर्णित जातियों की संख्या लगभग 18 लाख है। लेकिन यह संख्या वास्तविक संख्या के तकरीबन 15 प्रतिशत से कम है।

जहां तक भारत का सवाल है तो यहां विभिन्न प्रकार के जीव बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। जीवों की लगभग 75 हजार प्रजातियां पायी जाती है। इनमें तकरीबन 350 स्तरनधारी, 1250 पक्षी, 150 उभयचर, 2100 मछलियां, 60 हजार कीट व चार हजार से अधिक मोलस्क व रीढ़ वाले जीव हैं। भारत में जीवों के संरक्षण के लिए कानून बने हैं। लेकिन इसके बावजूद भी जीवों का संहार जारी है। जैव विविधता को बचाने के लिए आवश्यक है कि जीवों को बचाया जाए। अस्तिव के संकट में फंसे जीवों को बचाने के लिए जरुरी है कि धरती के बढ़ते तापमान एवं प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में ठोस पहल हो। इसके अलावा वन क्षेत्र को कम करके कृषि विस्तार की योजनाओं पर भी रोक लगनी चाहिए। स्थानान्तरण खेती को नियंत्रित किया जाए तथा यदि संभव हो तो उसे समाप्त ही कर दिया जाए। नगरों के विकास के लिए वनों की कटाई पर भी रोक लगनी चाहिए। लेकिन त्रासदी है कि संपूर्ण विश्व में बड़े पैमाने पर वनों की कटाई जारी है। विडंबना यह कि एक ओर प्राकृतिक आपदाओं से जीव-जंतुओं की प्रजातियां नष्ट हो रही है वहीं रही-सही कसर इंसानी लालच और उसका शिकार का शौक पूरा कर दे रहा है। उचित होगा कि वैश्विक समुदाय वन्य जीवों को बचाने के लिए ठोस रणनीति बनाए अन्यथा वन्य जीवों की विलुप्ति मानव जीवन को भी संकट में डाल सकती है।

# जान बचाने वाले को बुलडोजर का इनाम

गरीबों पर अन्याय का चाबुक और न्याय के नाम पर बुलडोजर भाजपा के शासनकाल की खासियत बन चुकी है। इसकी ताजा मिसाल दिल्ली से सामने आई है, जहां दिल्ली विकास प्राधिकरण यानी डीडीए ने अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ गरीबों के घरों को बुलडोजर से रौंद दिया है। इन घरों में एक घर वकील हसन का भी है, जो चार महीने पहले सिलक्यारा सुरंग में मजदूरों को बचाने के कारण स्टार बन चुके थे, लेकिन फिलहाल वे सड़कों पर फाकाकशी को मजबूर कर दिए गए हैं। याद दिला दें कि 12 नवंबर को उत्तराखंड के सिलक्यारा में बन रही सुरंग का एक हिस्सा धंस गया था, जिसमें 41 मजदूर फंस गए थे। इन मजदूरों को निकालने के लिए विदेशों से मशीन मंगाने से लेकर सुरंग के मुंह पर मंदिर बनाने तक सारे जतन किए गए थे, लेकिन आखिरकार मजदूरों को बचाने का काम रैट माइनर्स ने किया था। चूहों की तरह जमीन खोदने की तकनीक पर रैट माइनर्स ने 21 घंटों तक बिना रुके 10-12 मीटर गहराई तक जमीन को हाथों से खोदा, मलबे को निकाला और तब जाकर 17 दिनों बाद 41 मजदूरों की जान बच सकी। अगर रैट माइनर्स अपनी जान जोखिम में डालकर अथक परिश्रम नहीं करते तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

देश पर औद्योगिक हादसे का एक और कलंक लग सकता था। लेकिन रैट माइनर्स ने इन सबसे भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बचा लिया। इन रैट माइनर्स को 41 मजदूरों की जान बचाने के एवज में 50-50 हजार रुपए दिए गए, मजदूरों के बाहर आते ही प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से उनसे बात की, रैट माइनर्स को कुछ दिनों तक मीडिया के जरिए नायक बनाया गया, कुछ नेताओं ने उनके साथ तस्वीरें उतरवाईं ताकि चुनाव में उसका लाभ मिल सके और महीने भर के भीतर न किसी को सिलक्यारा परियोजना में हुई गलतियों की याद रही न उस गलती में जिंदगियों को बचाने वालों की। शायद इसलिए नियमों और कानूनों का हवाला देते हुए गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने वाले डीडीए ने वकील हसन के घर पर बुलडोजर चलाने में झिझक नहीं दिखाई। डीडीए का अतिक्रमण विरोधी ताजा अभियान खजूरीखास इलाके में चला है। प्राधिकरण का कहना है कि वहां घर अवैध तरीके से बने हुए थे और इनमें अनियमितताएं थीं। यह सही है कि प्राधिकरण को शहर की संरचनात्मक व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध निर्माण की समस्या से अक्सर जूझना पड़ता है। कहीं राजनैतिक दखल, कहीं धार्मिक मुद्दा बनाकर मनमाने निर्माण कार्य होते हैं। जनसंख्या के बढ़ते दबाव और शहर नियोजन में कमियों के कारण भी व्यवस्था बिगड़ती है। इसमें सख्ती से निपटने से ही खामियों को दुरुस्त किया जा सकता है। लेकिन क्या बरसों की खामियां महज बुलडोजर चलाने से दूर हो सकती है, यह विचारणीय है। गरीब अगर किसी अनाधिकृत जगह पर अपनी झुग्गी बसाते हैं, तो वह मजबूरी में ऐसा करते हैं, क्योंकि सरकार उनके लिए मकान जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने में असफल रहती है, जबकि अमीर अक्सर अपनी संपत्ति और संपर्कों का रौब दिखाकर जरूरत से ज्यादा जगह घेर लेते हैं। उनके अवैध निर्माण को अगर गिरा भी दिया जाए, तो उनके सामने बेघर होने का संकट नहीं होता। लेकिन गरीब की झुग्गी अगर तोड़ी जाए, तो उसके पास छत के नाम पर आसमान ही रह जाता है, जो सरासर जीने के संविधान प्रदत्त अधिकार का उल्लंघन है। इसलिए एक अहम सवाल यह भी है कि क्या सरकार की गलती की सजा गरीबों को दी जानी चाहिए। उनके अवैध निर्माण को तोड़ने से पहले उनके लिए घर का इंतजाम नहीं होना चाहिए। चूंकि इस बार बुलडोजर का शिकार वकील हसन हुए हैं, इसलिए यह मामला सुर्खियों में आया और भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने यह आश्वासन दिया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिया जाएगा। लेकिन क्या भाजपा इस सवाल का जवाब देगी कि वकील हसन के घर बुलडोजर चलाने के अलावा उनके परिवार को थाने ले जाकर किस जुर्म की सजा दी गई। वकील हसन ने बताया है कि उनकी पत्नी और बच्चों को थाने ले जाया गया, उनके बेटे को पुलिस ने मारा भी। वकील हसन की पत्नी ने भी कहा कि उन्हें घर का सामान हटाने नहीं दिया गया, बच्चों के परीक्षा परिणाम जैसे जरूरी कागजात तक साथ ले जाने की मोहलत नहीं दी गई। उन्होंने मोदी सरकार के सबका साथ, सबका विकास नारे का जिक्र करते हुए कहा कि मेरे पति तो हीरो थे उत्तरकाशी के, 41 लोगों की जान बचाई थी उन्होंने, सब उन्हें सम्मान दे रहे थे।

# मोदी गारंटीः भाजपा संकल्प पत्र- सुझाव पेटी का किया शुभारम्भ

## मोदी की अगुवाई में देश ने रचा है इतिहास

**अखंड भारत संदेश**



जानकारी देते भाजपा नेता।

**चित्रकूट।** भाजपा ने विकसित भारत मोदी की गारंटी को भाजपा संकल्प पत्र सुझाव भेजने को मोबाइल नम्बर व सुझाव पेटी का अनावरण बस स्टैंड कर्वी में किया।

शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 370 निरस्त कर इतिहास रचा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाया है। भाजपा ने जो कहा, उसे करने की मोदी की गारंटी है। मोदी की अगुवाई में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठें हैं। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ को राशन, आवास से चार करोड़ को पक्की छत, जल जीवन मिशन से 14 करोड़ को नल से जल, आयुष्मान भारत से 55 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं, ये मोदी की गारंटी है। मोदी की अगुवाई में भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना है, ये मोदी की गारंटी है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने बताया कि जनता के सपनो को भाजपा की डबल इंजन सरकार पूरा कर रही है, ये मोदी की गारंटी है। मोदी गारंटी से 11 करोड़ से अधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ, स्वच्छ भारत से 12 करोड़ शौचालय निर्माण, उज्जवला योजना से दस करोड़ महिलाओं को चूल्हे के धुये से निजात मिली। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि मोदी की गारंटी जनधन से 51 करोड़ गरीबों को बैंकिंग सुविधा मिली है।

लोगों को बैंक से जोडकर खाते मे धनराशी भेजी जा रही है। चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी से 37 किमी हाइवे प्रतिदिन बन रहा है। पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मोदी गारंटी से 78 लाख रेहड़ी- पटरी दुकानदार मजबूत हुए हैं। आज खुद का रोजगार कर रहे हैं। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र को सुझाव देने को जिले के सभी लोग 9090902024 पर मिस्ड कॉल कर सुझाव दे सकते हैं। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी में जनसुझाव सहभागी बनेंगे। भारत विश्व की तीसरी अर्थ शक्ति बनेगा। मोदी गारंटी से ही देश में 15 नये एम्स, सात नए आईआईटी और सात नये आईआईएम बने हैं।

इस मौके पर भाजपा नेता/ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, अश्विनी अवस्थी, रामबाबू गुप्ता, अंजू वर्मा, अखिलेश रैकवार, राजीव त्रिपाठी, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, शिवाकांत पाण्डेय, राजेश्वरी द्विवेदी मौजूद रहे।

# सीडीओ ने कर्वी-सीओ ने राजापुर-एएसपी ने मानिकपुर में सुनी समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**


समस्या सुनती सीओ व एसडीएम।

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी गइं।

शनिवार को तहसील सभागार कर्वी में सीडीओ ने समाधान दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा में समस्या निस्तारित करें। शासन की मंशानुसार समस्यायें हल की जायें। जिन विभागों की समस्यायें आज मिली हैं, मौके पर जाकर निस्तारित करें। उन्होंने एसडीएम व थाना प्रभारियों से कहा कि भूमि संबंधी मामले में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर समस्यायें निस्तारित करायें। शासन के कडे निर्देश है कि जमीन बाबत मामले तत्काल निस्तारित करें। समाधान दिवस में एसडीएम सदर सौरभ यादव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, डीडीओ आरके त्रिपाठी, सीबीओ डॉ सुभाष चन्द्र आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं। भूमि विवाद के मामले राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांचकर समस्यायें हल करें।

मानिकपुर तहसील सभागार में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में फरियादियों की समस्यायें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद के मामले राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जांचकर समस्यायें हल करें। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा, तहसीलदार मानिकपुर वाचस्पति सिंह आदि मौजूद रहे।

# पट्टाधारक की छवि धूमिल कर रहा दबंग आनन्द द्विवेदी

## बिना अनुमति के आनन्द ने कराया है खनन

**अखंड भारत संदेश**


समाजसेवी एमपी जायसवाल।

**चित्रकूट।** खनिज पट्टाधारक एमपी जायसवाल ने पडोसी पट्टाधारक आनन्द द्विवेदी की शिकायत पर पलटवार किया है। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी 2024 को आनन्द द्विवेदी का 1078/37 पर गोंडा गांव में खनिज पट्टा हुआ था। पट्टा होते ही बिना अनुमति के आनन्द द्विवेदी ने चार से बीस फरवरी तक जमकर खनन किया।

इस बात का खुलासा खनिज पट्टाधारक एमपी जायसवाल ने शनिवार को किया। उन्होंने बताया कि बिना अनुमति के आनन्द द्विवेदी ने चार से बीस फरवरी तक करोडों रुपये की खनिज सामग्री जेसीबी व पोकलैंड मशीनों व अवैध ढंग से चार इंच ब्लास्टिंग से करवा ली है। इसके साक्ष्य भी उनके पास हैं। दबंग आनन्द द्विवेदी ने निर्धारित पट्टा स्थल पर खनन कार्य बिना अनुमति के किया है। मानकविहीन ब्लास्टिंग में आनन्द द्विवेदी माहिर हैं। खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह जांच करने गये तो उन्हें जांच नहीं करने दिया।

उन्होंने बताया कि गोंडा स्थित पहाड में संचालित पत्थर खदान में आनन्द द्विवेदी की दबंगई चलती है। वे मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी का करीबी होने का दावा करते हुए लोगों को धमकी भी देते हैं। विधायक से जांच करवाने की धमकियां देना उनकी फितरत में शामिल है। इससे एमपी जायसवाल की साफ-सुथरी छवि धूमिल हुई है।

## सपा नेता के आरोप निकले झूंठे, तालाब मिले सही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा नेता अनुज सिंह के लगाये आरोप भूमि संरक्षण विभाग खातों में धनराशि भेज लेता है रुपये बाबत छपी खबर के बारे में भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम प्रजापति ने कहा कि खबर सत्यापित नही है। तालाब जिसके मंजूर हुए थे, एक तालाब के लाभार्थी माता-पिता मृतक हो गये हैं। बच्चों ने तालाब निर्माण का कार्य बन्द करा दिया है। मामले की जांच कृषि उपनिदेशक राजकुमार ने दो बार की है। जांच में नियमानुसार तालाब पाये गये। लाभार्थी बरजोर सिंह ने बताया कि तालाब उसके ही खसरे से हुआ है। वह तालाब निर्माण से पूरी तरह संतुष्ट है। उससे किसी ने कोई धनराशि नहीं ली। राजनैतिक वजह से सपा नेता अनुज सिंह यादव शिकायत कर रहे हैं। शिकायतों में कोई तथ्य नहीं है।

# भाजपा के पाखंड-झूंठ का जनता करेगी पर्दाफाशः शिवशंकर सिंह यादव

**अखंड भारत संदेश**


नगर अध्यक्षों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष आदि।

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में नव मनोनीत नगर अध्यक्षों को माला पहनाकर स्वागत करते हुए सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने हुई गोष्ठी की अध्यक्षता की।

शनिवार को गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कर्वी नगर अध्यक्ष रामनरेश अग्रहरी, राजापुर नगर अध्यक्ष समीर विश्वकर्मा, मऊ नगर अध्यक्ष सुबोध शुक्ला को माला पहनाकर स्वागत कर कहा कि लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार है। कभी भी चुनाव की रणभेरी बज सकती है। भाजपा छल व सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग का रिकार्ड अपने नाम कर चुकी है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। लोकतंत्र-संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। आरक्षण खत्म करने की साजिश हो रही है। आम जनता में बदलाव की लहर है। सपा हर वर्ग पीडीए को साथ लेकर भाजपा के पाखंड व झूठ का पर्दाफाश करेगी।

जिला उपाध्यक्ष/मड़ैयन पूर्व प्रधान नरेंद्र यादव ने सभासदों व पूर्व प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों का स्वागत कर कहा कि सपा का कारवां बढ़ता जा रहा है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित लोगों का रुझान सपा की ओर बढ़ रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, सेक्टर प्रभारी सोनू नामदेव, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जगदीश यादव, उमाकांत यादव आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल ने किया।

# आनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूमा) शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन पर ऑनलाइन हाजिरी विरोध में जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी बांध शिक्षण कार्य एक से पांच मार्च तक विरोध जताने का निर्णय लिया। शासन ने बिना संसाधन दिये शिक्षकों पर नए आदेश थोप रही है। बेसिक शिक्षा को प्रयोगशाला बना दिया है। आए दिन नए प्रयोग किए जा रहे हैं। सभी शिक्षक मानसिक रूप से परेशान हैं।

शनिवार को शिक्षकों ने कहा कि उन्हें स्वतंत्र रूप से शिक्षण कार्य नहीं करने दिया जा रहा। सभी शिक्षकों ने काली पट्टी बांध शिक्षण कार्य का विरोध जताया। विरोध- प्रदर्शन में जिला कार्यकारिणी व सभी ब्लॉक कार्यकारिणी के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुहिम में प्रांतीय निर्देश पर मांडलिक मंत्री सुरेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विजय पाण्डेय, मिथलेश कुमार यादव, विनय कुमार पाण्डेय, रामकृष्ण पाण्डेय, बद्री नारायण दीक्षित, राधेश्याम सिंह, शिवभूषण त्रिपाठी, वंदना वर्मा, ज्योति सिंह, शिव प्रकाश वर्मा, गौरव सिंह, सुनील कुमार यादव, नीलाभ गुप्ता, सुजीत कुमार पाण्डेय, संजीव श्रीवास्तव, प्रेमचंद्र शिवहरे, नारायण पाण्डेय, राघवेंद्र तिवारी, ब्रम्हादीन मिश्रा, लवलेश मिश्रा, शिवबाबू शुक्ला, रमाशंकर सिंह, शंकरदयाल राजपूत, खेमराज सिंह आदि शिक्षकों ने विरोध-प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विजय पाण्डेय, जिला महामंत्री मिथलेश कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष विनय कुमार पाण्डेय समेत उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूमा) शिक्षक संघ टीम मौजूद रही।

# दलित को मरा दिखा हडपी भूमि, किसी की नहीं हुई गिरफ्तारी

## पीडित ने एससी-एसटी आयोग से लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**


गुहार लगाता पीडित।

**चित्रकूट।** अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति को मरा दिखाकर जमीन फर्जी ढंग से गैर लोगों के नाम दर्ज करने के मामले में चार नवम्बर 2023 को रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी किसी की आज तक गिरफ्तारी नहीं की गई। पीडित दर-दर की ठोकरें खा रहा है। पीडित ने अनुसूचित जाति जनजाति आयोग में शिकायत भेजी है।

शनिवार को तहसील कर्वी के अशोह गांव के रामकृपाल पुत्र मंटीवा ने बताया कि उसकी मऊ तहसील के कलचिहा गांव में जमीन है। 2022 में राघवेन्द्र पाण्डेय उर्फ सेठ पुत्र राजनारायण पाण्डेय निवासी कलचिहा, धर्मेन्द्र सिंह पुत्र भूषण सिंह निवासी अशोह, नसीम अख्तर आदि ने फर्जी कागजों से उसे मरा दिखाते हुए उसकी जमीन पर दूसरे लोगों को वारिश बनाकर बेंच दिया। लिखा-पढी करने पर पुलिस ने मामला तो गम्भीर धाराओं में छह लोगों के नामजद व दो लोग अज्ञात में दर्जकर लिया। तत्कालीन कानूनगो नसीम अख्तर आदि के प्रभाव में किसी भी आरोपी की आज तक गिरफ्तारी नहीं हुई। सबकी मिलीभगत से अभी तक आरोप पत्र भी दाखिल नहीं हुआ। संबंधित न्यायालय एससी-एसटी ने सीओ मऊ से प्रगति आख्या भी तलब की है। सीओ मऊ पर अदालत के आख्या मांगने का कोई असर नहीं पडा। पीडित ने आशंका जताई कि साजिश कर मामले को रफा-दफा करने में लगे हैं।

पीडित ने अनुसूचित जाति जनजाति आयोग को लिखे पत्र में कहा कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जाये, ताकि उसे न्याय मिल सके।

# पंपासुर आश्रम से हनुमान आंखें, गदा-मुकुट ले गये चोर, श्रद्धालुओं में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** देवांगना स्थित पंपापुर आश्रम में गुरुवार की रात चोरों ने हनुमान जी की आंखें, गदा, मुकुट आदि सामग्री चुरा ले गये। बाबा रणछोड़ दास की तपोस्थली प्राचीन पंपापुर आश्रम में चोरी से श्रद्धालुओं में आक्रोश है।

गुरुवार को एयरपोर्ट के पास स्थित मंदिर में चोरी होने पर पुलिस निगरानी पर सवाल खडे हो गये हैं। देवस्थान सुरक्षित नहीं हैं तो सवाल है कि आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी। एयरपोर्ट के पास पंपापुर आश्रम प्राचीन हनुमान मंदिर के महंत प्रेमदास व एक शिष्य रहते हैं। चोरों ने गुरुवार की रात धावा बोलकर हनुमान जी की आंखें, गदा, मुकुट, पैर के आभूषण आदि सामग्री व चढ़ावा चुरा ले गए। चोरों ने लोहे के दरवाजे को टेढ़ा कर दिया है। सवेरे बाबाजी की नींद खुली तो वे सन्न रह गए। चोरी बाबत बहिलपुरवा थाने में सूचना दी। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। महंत प्रेमदास के शिष्य योगेश जैन, शंकर प्रसाद यादव, विवेक अग्रवाल आदि ने मंदिर में हुई चोरी पर आक्रोश जताया। कहा कि पास में हवाई पट्टी होने के बाद भी चोरी होना पुलिस गश्त को चुनौती है। योगेश जैन ने कहा कि डेढ़ साल पहले भी यहां चोरी हुई थी। बाबा पूरी तरह से सामाजिक जीवन से विरत हैं। वह रिपोर्ट आदि भी नहीं दर्ज कराते। जब यहां जंगलों में डकैतों की चहलकदमी थी पीएसी की टुकड़ी रहती थी। अब सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं है। श्रद्धालुओं ने मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है।

# रामपुर हत्याकांड की करें जांचः कांग्रेसी

**अखंड भारत संदेश**


एसडीएम को ज्ञापन देते कांग्रेसी।

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में राज्यपाल संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौपा। ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में जंगल राज कायम है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रदेश के रामपुर जिले के सिलाई वारा गांव में बाबा साहब की प्रतिमा लगाने में हुए विवाद में कक्षा दस के छात्र सुमेश के परीक्षा देकर लौटने पर पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई। प्रशासन ने हाथरस में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

सुमेश के परिजनों ने प्रशासन पर मामला दर्ज कराया। कांग्रेस ने मांग की कि मामले की न्यायिक जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाये। पीसीसी सदस्य रंजनाबराती लाल पांडे ने कहा कि डबल इंजन सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, राकेश वर्मा, शिव गुलाम वर्मा, विजय मणि त्रिपाठी, चुनवाद प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, अजीत मिश्रा आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## सहकारी बैंकों में सीएम देंगे ज्यादा सुविधायेंः पंकज

**अखंड भारत संदेश**


सीएम आवास में सीएम से भेंट करते पंकज अग्रवाल।

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने शुक्रवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर भेंट की। उन्होंने बांदा-चित्रकूट के सहकारी बैंकों में विभिन्न सुविधायें लागू कर आम जनता को लाभान्वित कराने की मांग की। शनिवार को कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को सूबे के मुख्यमंत्री से उनके आवास पर भेंट की है। उनसे साधन सहकारी समितियों को मजबूत करने की चर्चा की। किसानों को साधन सहकारी समितियों से पर्याप्त खाद-बीज से लाभान्वित कराया जा सके। इस बाबत चर्चा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट आने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया है जल्द चित्रकूट का दौरा करेंगे।

# तीस लीटर शराब बरामद कर छह भट्ठियां तोडी, सीओ की अगुवाई में चला अभियान

**अखंड भारत संदेश**


शराब भट्ठियां तोडती पुलिस।

**चित्रकूट।** आगामी लोकसभा चुनाव व होली पर्व मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख व कर्वी कोतवाल की टीम ने कपसेठी में मंदाकिनी नदी किनारे सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अगुवाई में दबिश दी। शनिवार को दबिश दौरान 30 लीटर महुआ शराब बरामद की। 45 सौ किग्रा लहन नष्ट किया। मौके पर महुआ शराब बनाने की छह भट्ठियां व शराब बनाने के उपकरण नष्ट किये। टीम में सीओ सिटी हर्ष पांडेय, कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह, दरोगा श्याम देव सिंह, दरोगा प्रवीण सिंह, दरोगा गौरव तिवारी, दरोगा राहुल पाण्डेय, सिपाही अनुज यादव, शिवपूजन यादव व महिला सिपाही रोशनी शामिल रहीं।

# लोस चुनाव में फोर्स ठहरने को डीआईजी ने देखी व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**


व्यवस्था देखते डीआईजी के साथ एसपी व सीओ।

**चित्रकूट।** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केन्द्रीय फोर्स के ठहरने को स्कूलों का निरीक्षण किया। शनिवार को डीआईजी अजय कुमार सिंह ने कोतवाली कर्वी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शिवरामपुर, परम विद्यामंदिर इंटर कॉलेज शिवरामपुर, ज्ञानभरती इंटर कॉलेज कर्वी, जेएम बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में केन्द्रीय फोर्स को मूलभूत सुविधायें देने का जायजा लिया। उन्होंने स्कूलों में सुधार के सम्बन्धित को निर्देश दिये। डीआईजी ने कहा कि केन्द्रीय पुलिस बल के ठहरने को उचित व्यवस्था की जाये। चुनाव दौरान बाहर से आने वाले पुलिस बल के ठहरने के स्थानों पर नहाने-धोने से लेकर बाथरुम तक की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।

## घुरेटनपुर में शौचालय निर्माण में भारी धांधली, ग्रामीणों ने सीडीओ से की शिकायत

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के घुरेटनपुर में शौचालय निर्माण में भारी धांधली है। प्रधान ने मानकविहीन सामग्री का प्रयोग कर शौचालय निर्माण कराया है। शनिवार को ग्रामीणों ने दिव्यांग शौचालय के घटिया निर्माण की शिकायत सीडीओ से कर जांच की मांग की है। घुरेटनपुर के प्राथमिक विद्यालय भड़हापुरवा में प्रधान ने दिव्यांग शौचालय व बालक-बालिका मूत्रालय मानक विहीन बनाया है। प्रधान ने बालू की जगह क्रेशर डस्ट प्रयोग कर रहा है। दीवारें राजगीरों से न बनवाकर बेलदारों से बनवाई है। दीवार टेढी-मेढी हैं। फर्श निर्माण में कंक्रीट नहीं लगाई। स्कूल के पास पड़े कचरे से फर्श बराबर कर क्रेशर डस्ट से टाइल्स लगवाये हैं। शौचालय- मूत्रालय में नल-जल आपूर्ति से पाइप लगाकर लटकाया है। दिव्यांग शौचालय की सीट में पानी पहुंचाने को कोई व्यवस्था नहीं है। दिव्यांग सीट से सीवर टैंक तक तीन इंच पाइप लगाया है। ये कभी भी चोक हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान से कहने पर काम रोकने की धमकी देता है। प्रधान कहता है कि वह डीएम-सीडीओ की नहीं सुनता। वे किस खेत की मूली हैं।

# अबू धाबी में कृषि और मत्स्य पालन पर सहमति के बिना डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त

**अबू धाबी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन बेनतीजा रहा। अबू धाबी में आयोजित डब्ल्यूटीओ सम्मेलन एक अतिरिक्त दिन की बातचीत और गहन प्रयासों के बावजूद कृषि और मत्स्य पालन जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति के बिना शुक्रवार देर रात संपन्न हो गया। हालांकि, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने अपने किसानों और मछुआरों के हितों को उच्चतम स्तर तक ले जाने के लिए अपनी पूरी नीति बरकरार रखी है।

संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में आयोजित डब्ल्यूटीओ के इस सम्मेलन में सार्वजनिक खाद्यान्न भंडार का स्थायी समाधान खोजने और मत्स्य पालन सब्सिडी पर अंकुश लगाने जैसे कई मुद्दों पर कोई निर्णय नहीं हुआ। भारत, अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य सदस्य इन अहम मामलों पर आम सहमति बनाने में असमर्थ रहे, जिससे किसी सहमति के बिना ही




इसे छोड़ दिया गया। हालांकि, सदस्य देश ई-कॉमर्स पर आयात शुल्क लगाने को लेकर लगी रोक दो साल और बढ़ाने पर सहमत हो गए।केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सम्मेलन के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यह अच्छा परिणाम है और हम पूरी तरह से संतुष्ट हैं। कई विवादास्पद मुद्दों पर प्रगति हुई है। इन मामलों में पिछले कई वर्षों से बातचीत जारी है, लेकिन आगे बढ़ना हमेशा निष्कर्ष पर पहुंचने का संकेत होता है। गोयल ने कहा कि भारत ने स्थायी समाधान के तहत खाद्य सब्सिडी सीमा की गणना के लिए फॉमूर्ले में संशोधन जैसे उपाय करने को कहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों के बीच वितरण के लिए नई दिल्ली में अनाज की खरीद निर्बाध और बिना किसी बाधा के जारी है।

उल्लेखनीय है कि चार दिनों की व्यस्त बातचीत को एक दिन के लिए और बढ़ाए जाने के बावजूद 166 सदस्यीय विश्व व्यापार संगठन खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दे हल करने के लिए एक आम सहमति पर नहीं पहुंच पाया। हालांकि, डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कुछ और मामलों में परिणाम हासिल करने में सफलता मिली है। इसमें सेवाओं के लिए घरेलू विनियमन पर नई व्यवस्था, डब्ल्यूटीओ के नए सदस्यों के तौर पर कोमोरोस और तिमोर-लेस्ते का औपचारिक रूप से शामिल होना और कम विकसित देशों (एलडीसी) को इसके दर्जे से बाहर निकलने के तीन साल बाद भी एलडीसी का लाभ मिलते रहने की बात शामिल है।

## नेपाल-भारत बिजली व्यापार समझौते को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 12 मार्च को सुनवाई

**नेपाल।** भारत-नेपाल विद्युत व्यापार समझौते को रद्द करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर 12 मार्च को सुनवाई होगी। यह सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की फुल बेंच करेगी। भारतीय विदेश मंत्री के नेपाल दौरे के समय दोनों देशों के बीच 10 वर्ष में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीद को लेकर एक समझौता हुआ था। प्रमुख विपक्षी दल नेकपा (एमाले) से मधुर संबंध रखने वाले सूर्यनाथ उपाध्याय ने इस समझौते को रद्द करने की मांग करते हुए याचिका दायर की है। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के दो जजों- कुमार चुडाल और शारदा सुरंगा की बेंच ने इस मामले को फुल बेंच को रेफर करते हुए 12 मार्च की तारीख तय की है। याचिकाकर्ता के तरफ से इस पर अंतरिम आदेश देने की मांग की गई थी लेकिन कोर्ट ने अंतरिम आदेश देने से इनकार किया है। याचिकाकर्ता की तरफ से दायर याचिका में कहा गया है कि नेपाल भारत के बीच हुए इस समझौते को बिना प्रक्रिया को पूरा करते हुए ही हस्ताक्षर किया गया है। याचिका में समझौते पर ऊर्जा सचिव की तरफ से हस्ताक्षर किए जाने का उल्लेख है जबकि कैबिनेट की तरफ से विदेश सचिव को यह अधिकार दिया गया था। इसके अलावा याचिका में यह भी कहा गया है कि इस समझौते में बिजली व्यापार के अलावा हाईड्रोपावर बनाने की बात कही गई है जो कि उचित नहीं है। इस याचिका में कोर्ट से यह मांग की गई है कि इस समझौते को संसद के दोनों सदनों से दो तिहाई बहुमत से पारित कराए बिना लागू नहीं करने का आदेश दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय हित से जुडे.होने के कारण इसे तीन जजों की फुल बेंच के समक्ष भेजा जा रहा है। इससे पहले नहकुल सुवेदी की सिंगल बेंच ने इस समझौते के सभी दस्तावेज को कोर्ट में जमा करने के साथ ही एमिकस क्यूरी से सुझाव देने को भी कहा था। कोर्ट के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और नेपाल बार एसोसिएशन ने अपने तरफ से एक-एक वरिष्ठ अधिवक्ता को एमिकस क्यूरी के रूप में भेजा था।

## नेपाली कांग्रेस राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष का पद माओवादी पार्टी के लिए छोड़ने को तैयार

**नेपाल।** सत्तारूढ़ घटक दलों में आई दरार को पाटने के लिए नेपाली कांग्रेस राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष का पद माओवादी पार्टी के लिए छोड़ने को तैयार हो गई है। यह कदम गठबंधन को टूटने से बचाने के लिए उठाया गया है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा ने कहा है कि राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद के कारण गठबंधन को टूटने नहीं दिया जाएगा। शनिवार सुबह पदाधिकारियों की बैठक में देउवा ने राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष पद माओवादी पार्टी को देने पर अपनी सहमति जता दी । मंत्रिमंडल फेरबदल पर भी सकारात्मक रुख दिखाया। प्रधानमंत्री प्रचंड का खेमा सरकार के एक वर्ष पूरे होने के बाद से ही कुछ मंत्रियों को बदलने के लिए दबाव बना रहा था। जब बात गठबंधन के टूटने पर आई तो पार्टी मंत्रिमंडल में शामिल अपने मंत्रियों के बदलने को तैयार हो गई।नेपाली कांग्रेस का यह संदेश लेकर पार्टी के तीन नेता प्रधानमंत्री प्रचंड से मुलाकात करने वाले हैं। नेपाली कांग्रेस के तरफ से सरकार में नेतृत्व कर रहे उपप्रधानमंत्री एवं रक्षामंत्री पूर्ण बहादुर खड्का, संसदीय दल के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक और पूर्व मंत्री ज्ञानेन्द्र कार्की को देउवा ने प्रचंड से बात करने के लिए अधिकृत किया है। पार्टी अध्यक्ष के निवास से प्रधानमंत्री के आवास के लिए रवाना होने से पहले ज्ञानेन्द्र कार्की ने पत्रकारों से कहा कि हर मुद्दे पर प्रधानमंत्री से बात होगी। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने बताया कि पार्टी की हाल ही में हुई महासमिति की बैठक में अगले चुनाव में बिना किसी गठबंधन के अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ने का जो निर्णय हुआ उसके कारण माओवादी के साथ विश्वास का संकट आया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री से यह स्पष्ट करना चाहती है कि वो निर्णय चार साल बाद होने वाले चुनाव को लेकर है। इस समय वर्तमान गठबंधन को निरन्तरता देने की जरूरत।

## गाजा में हवाई मार्ग से मानवीय सहायता पहुंचाने के प्रस्ताव को बाइडन ने मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका जल्द ही गाजा में हवाई मार्ग से मानवीय सहायता पहुंचाना शुरू करेगा। इससे एक दिन पहले इजराइल डिफेन्स फोर्स के सैनिकों ने गुरुवार को राहत सामग्री के लिए इंतजार कर रहे लोगों पर अन्धाधुंध गोलीबारी की। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इस गोलीबारी में करीब 112 फलस्तीनी मारे गए जबकि 760 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बाइडन का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही इजराइली सैनिकों के साथ हुई एक भीषण मुठभेड़ के दौरान कई फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गयी थी। बाइडन ने कहा कि आने वाले दिनों में गाजा में विमानों के जरिए लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाई जाएगी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल में फरवरी महीने में एक लाख पर्यटकों का आगमन, इसमें आधे से अधिक भारतीय

**नेपाल।** नेपाल में फरवरी महीने में करीब एक लाख पर्यटकों का आगमन हुआ है। इनमें आधे से अधिक भारतीय पर्यटक शामिल हैं। यह संख्या विमान से आने वाले पर्यटकों की है जिनका रिकार्ड रखा जाता है। हजारों भारतीय प्रतिदिन खुली सीमा के जरिए नेपाल में प्रवेश करते हैं। नेपाल पर्यटन बोर्ड के मुताबिक फरवरी में विमान से नेपाल में घूमने आए पर्यटकों की संख्या 99,826 है। इनमें भारतीय पर्यटकों की संख्या 55,578 बताया गया है। पर्यटन बोर्ड के मुताबिक नेपाल में भारतीय पर्यटकों की संख्या के बाद चीनी पर्यटक आए जिनकी संख्या 9,180 है। इसके अलावा अमेरिका से नौ हजार, थाईलैंड से 4,700, यूके से 4,500, बांग्लादेश से 4100, श्रीलंका से 3,645 पर्यटकों के आने की जानकारी दी गई है।



नेपाल पर्यटन बोर्ड ने कहा है कि पिछले जनवरी में करीब 89 हजार पर्यटक आए थे जबकि फरवरी में यह संख्या पिछली बार से 10 हजार से अधिक है। बोर्ड की सदस्य सचिव मिष्टी देवकोटा ने बताया कि मार्च से मई महीने में पर्यटकों की संख्या प्रति महीना दो लाख से अधिक हो सकता है। नेपाल घूमने के लिए मार्च से मई का महीना पिक सीजन रहता है और इस दौरान हजारों की संख्या में पर्वतारोही भी नेपाल भ्रमण करने आते हैं। देवकोटा ने कहा कि पहाड़ी इलाकों में मौसम साफ होने, ठंड कम होने, बर्फबारी की संभावना नहीं होने के कारण इन तीन महीनों में सबसे अधिक पर्यटक आते हैं। नेपाल पर्यटन बोर्ड ने बताया कि यह आंकडा सिर्फ विमान से आने वालों का हैं। काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आने वाले पर्यटकों के अलावा कुछ संख्या पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और भैरहवा स्थित गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से नेपाल आने वालों का भी है। बोर्ड की सदस्य श्रद्धा श्रेष्ठ का कहना है कि नेपाल-भारत के बीच खुली सीमा के कारण हजारों भारतीय पर्यटक काठमांडू, पोखरा, मुक्तिनाथ, लुम्बिनी, सौराहा जैसे शहरों में आते हैं। हजारों की संख्या में ऐसे भी भारतीय हैं जो सुबह आकर पास के पर्यटकीय स्थलों पर दिनभर रह कर चले जाते हैं। ऐसे भारतीय पर्यटकों का कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता है।

# राजीव गांधी हत्याकांड के दोषी संथन का शव अंतिम संस्कार के लिए श्रीलंका पहुंचा

**कोलंबो।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के दोषियों में से एक संथन का शव अंतिम संस्कार के लिए शुक्रवार को कोलंबो लाया गया। दो दिन पहले चेन्नई के एक अस्पताल में हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गयी थी। श्रीलंका निवासी संथन उर्फ टी सुथेन्डिरराजा (55) उन सात लोगों में से एक था जिन्हें उच्चतम न्यायालय ने 2022 में रिहा कर दिया था। 21 मई 1991 में श्रीपेरम्बुदुर में राजीव गांधी की बम विस्फोट में हत्या के आरोप में संथन 20 साल से अधिक समय जेल में गुजार चुके थे।

लीवर के काम करना बंद कर देने के बाद संथन को पिछले महीने चेन्नई में एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 28 फरवरी को हृदय के काम करना बंद करने से उसकी मृत्यु हो गयी थी।

# मोदी सरकार सहकारिता आंदोलन को जन आंदोलन के स्वरूप में बदलने का प्रयास कर रही है

**लखनऊ**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में शहरी सहकारी बैंकों के अम्ब्रेला संगठन, नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अमित शाह ने कोऑपरेशन अमंग कोआपरेटिव की भावना को मजबूत करने पर बल दिया। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि, जब तक सहकारी संस्थाओं के बीच सहकार और परस्पर आगे बढ़ाने की ताकत नहीं दी जाएगी, तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने कहा कि लगभग 20 साल के संघर्ष के बाद आज नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की स्थापना हो रही है और ये हम सबके लिए बहुत शुभ दिन है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता क्षेत्र अनेक मंत्रालयों में बिखरा हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने



आजादी के 75 वर्षों के बाद अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता को एक नया जीवन दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को एक अंब्रेला, सहकारिता मंत्रालय के रूप में मिला है। अमित शाह ने कहा कि सवा सौ साल तक सहकारिता क्षेत्र जूझता रहा और अपने अस्तित्व को बचाता रहा, लेकिन अब सरकारी व्यवस्था के सहयोग से ये द्रुत गति से चलेगा और देश के अर्थतंत्र में अपना सम्मान हासिल करेगा। साथ ही सहकारिता आंदोलन को जन आंदोलन के स्वरूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, भारत जैसे विशाल देश में विकास का पैरामीटर सिर्फ आंकड़े नहीं हो सकते, बल्कि देश के विकास में कितने लोगों की सहभागिता है, ये बहुत बड़ा पैरामीटर होना चाहिए।

अमित शाह ने कहा कि ये अंब्रेला संगठन समय की जरूरत था और सेल्फ-रेगुलेशन के लिए एक प्रकार की नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि इस संगठन के बनने के बाद देश में अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का विकास कई गुना बढ़ जाएगा। हमारी विश्वसनीयता के लिए बेहद जरूरी है कि हम खुद को अपग्रेड करें और भारती? रिजर्व बैंक के सभी नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अगर हम ऐसा नहीं करते तो आने वाले समय में स्पर्धा में नहीं टिक सकेंगे। अमित शाह ने कहा कि अंब्रेला संगठन का एक प्रमुख काम बीआर एक्ट के लिए छोटे से छोटे बैंक को तैयार करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हर शहर में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक खोलने का लक्ष्य रखकर आगे बढ़ना चाहिए।केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज शुरू हुई ये संस्था मात्र एक अंब्रेला संगठन नहीं है बल्कि हमारी सारी समस्याओं के समाधान का गेटवे है। उन्होंने कहा कि आम जनता के जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता कोई है तो केवल अर्बन कोऑपरेटिव बैंक है। उन्होंने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम दुनिया का तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनें, तब मोदी जी के मन में भी यह बात है कि आर्थिक विकास सर्वस्पर्शीय और सर्वसमावेशी हो।

## बाइडेन ने कहा-गाजा में मानवीय राहत सामग्री भेजेगा अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका गाजा में तत्काल मानवीय राहत सामग्री भेजेगा। यह निर्णय मौजूदा हालात को देखते हुए लिया गया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले गाजा में राहत और खाद्य सामग्री का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सुरक्षाबलों की गोलीबारी से सारी दुनिया चिंतित हो गई है। इस गोलीबारी में बड़ी संख्या में फिलिस्तीन के नागरिक मारे गए हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्म की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडेन ने इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मुलाकात से पहले कहा, " गाजा में निर्दोष लोग अपने परिवारों का भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं। यह लोग भीषण युद्ध में फंस गए हैं। इनको भोजन सामग्री और अन्य राहत सामग्री की जरूरत है। संयुक्त राज्य अमेरिका इनको भरपूर सहायता मुहैया कराएगा।

बाइडेन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका जॉर्डन के साथ काम करेगा। जार्डन गाजा में हवाई मार्ग से मदद पहुंचाने में सबसे आगे रहा है। गाजा में मदद समुद्र मार्ग से भी पहुंचाई जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, गाजा में भेजी जा रही मदद मौजूदा हालात को देखते हुए पर्याप्त नहीं है। वहां हर व्यक्ति की जिंदगी खतरे में है। रिपोर्ट के अनुसार, बाइडेन और सुश्री मेलोनी ने गाजा में युद्ध रोकने के प्रयासों के साथ यूक्रेन के लिए समर्थन पर चर्चा की। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ अधिकारी जॉन एफ. किर्बी ने अमेरिका सबसे पहले विमानों से खाद्य सामग्री के पैकेट भेजेगा। इसके बाद पानी और दवा की आपूर्ति की जाएगी। एक अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने कहा कि वायुसेना 50,000 भोजन के पैकेट पहुंचाने की योजना बना रही है। किर्बी ने कहा कि गुरुवार को गाजा में मानवीय सहायता लेकर पहुंचे ट्रकों के काफिले के आसपास हुई मौतों ने सारी दुनिया को विचलित कर दिया है।

## पाकिस्तान में ईशनिंदा में हिंदू शिक्षक पांच साल बाद बरी

**कराची।** ईशनिंदा मामले के आरोप में पांच साल से जेल में बंद एक हिंदू शिक्षक को तत्काल रिहा करने का आदेश पाकिस्तान की अदालत ने शुक्रवार को दिया। हिंदू शिक्षक को 2019 में सिंध प्रांत के घोटकी जिले से उसे गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सुबूत पेश करने में असफल रहा है। ऐसे में संदेह का लाभ आरोपित को मिलना चाहिए और यह उसका अधिकार भी है। हालांकि, शिक्षक के रिश्तेदारों, समाज के सदस्यों और दोस्तों ने खुद को जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की चिंता जताई। सिंध मानवाधिकार आयोग के बोर्ड सदस्य सुखदेव हेमनानी ने बताया कि 2019 में उन पर ईशनिंदा का झूठा आरोप लगाया गया और पांच साल तक जेल में रखा। आखिरकार अदालत ने उन्हें बरी करते हुए रिहाई का आदेश दिया। हम शिक्षक और उसके परिवार की सुरक्षा व्यवस्था की कोशिश कर रहे हैं।

## पुतिन के विरोधी नवलनी को अंतिम विदाई देने हजारों की संख्या में उमड़े समर्थक

**मास्को।** रूस की सरकारी एजेंसी क्रेमलिन की चेतावनी के बावजूद शुक्रवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में समर्थक शामिल होकर उनको श्रद्धांजलि दी। अंतिम यात्रा में शामिल समर्थक नवलनी-नवलनी के नारे लगाते हुए कह रहे थे कि आप डरे नहीं थे, हम भी नहीं डरेंगे। आपकी मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं छोड़ा जाएगा। इस दौरान आसपास कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। उन्हें मास्को में बोरिसोव्स्की कब्रिस्तान में दफनाया गया। नवलनी की अंतिम यात्रा में उनकी मां ल्यूडमिला और पिता अनातोली भी शामिल हुए। रूस से बाहर होने के कारण उनकी पत्नी और बच्चे इसमें शामिल नहीं हुए। भीड़ के बीच कई लोगों ने हाथों में फूल लिए अंतिम विदाई दे रहे थे। कई राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विरोध में नारे लगा रहे थे। नवलनी के समर्थक अंतिम यात्रा का लाइव प्रसारण कर रहे थे। स्थानीय मीडिया ने इसे काफी कम कवरेज दिया। इसमें भाग लेने वालों में अमेरिकी राजदूत लिन ट्रेसी सहित पश्चिमी राजनयिक, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बोरिस नादेजदीन और येकातेरिना डंटसोवा भी शामिल थे। उनकी पत्नी यूलिन ने पुतिन और मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन पर सार्वजनिक अंतिम संस्कार को रोकने की कोशिश का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एलेक्सी नवलनी के अंतिम संस्कार में शामिल एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही अन्य 22 लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल होने से पहले हिरासत में ले लिया गया।